चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 20, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 16

31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 15

एक नजर

आप विधायक की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था। अदालत ने जांच एजेंसियों द्वारा बार-बार जारी किये गए समन की खान द्वारा अवहेलना किये जाने को गलत बताते हुए 11 मार्च को खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

जम्मू। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

इलाहाबाद से उज्जवल रेवती रमन को टिकट

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। पंजाब में अमृतसर से गुरजीत सिंह आहुजा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर लोक सभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया गया है।

सलमान खान के घर के बाहर चलाईं गोलियां

मुंबई, एजेंसी



● एक किमी दूर से मोटर साइकिल बरामद की गई है

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटनास्थल से एक किमी दूर एक बाइक बरामद की गई है। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे।

इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

इजराइली बोला- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए ड्रोन और मिसाइलों से हमले को इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

किसान और गरीब बनेंगे सशक्त

भाजपा का घोषणापत्र जारी, इसमें महिलाओं, किसानों, युवाओं के लिए योजनाओं पर होगा काम

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं।

मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। तिरुवल्लुवर एक प्रसिद्ध तमिल कवि और दार्शनिक थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के दिन जारी किया गया है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है।



नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

मोदी की दस गारंटी

- 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज
- कोई भूखा न सोए इसके लिए गरीबों को मुफ्त राशन योजना 2029 तक चलाई जाएगी
- भाजपा के संकल्प में गरीबों को तीन करोड़ घर दिए जाने की योजना पर होगा काम
- मुद्रा योजना के तहत ऋण देने की सीमा 20 लाख रुपये तक की जाएगी
- भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई चलती रहेगी
- हर हाल में यूनिफार्म सिविल कोड देशभर में लागू करने के लिए बढ़ेंगे कदम
- वन नेशन वन इलेक्शन को किया जाएगा लागू
- पेपर लीक जैसे मामलों पर नियंत्रण के लिए कानून लागू करेंगे
- फसलों की एमएसपी में वृद्धि और किसान सम्मान निधि योजना जारी रखेंगे
- बुलेट ट्रेन का विस्तार महाराष्ट्र-गुजरात के अलावा पूरब-उत्तर और दक्षिण भारत में भी

परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं।

देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठें दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है। सिंह ने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र को विश्व राजनीति में स्वर्ण मानक के रूप में देखा जाता है। नड्डा ने कहा कि 2029 में लोकसभा सदस्यों में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

सत्ता में आए तो प. उप्र को अलग राज्य बनाएंगे

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

● भाजपा के सत्ता में तीसरी बार आने की संभावना बहुत कम : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा अगर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं और वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाती तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने व उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने कहा कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।

पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

● लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा था भारतीय कैदी की हत्या का आरोपी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

बदायूं से शिवपाल नहीं, पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ। सपा ने रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

मुख्यमंत्री धामी न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।

रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए सपा कार्यकर्ताओं ने बनाया था हेलीपैड
- एसडीएम और भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी को जनसभा के लिए आना था पूरनपुर

सीकर में हादसा, आग में उप्र के 7 लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

● विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को भीषण हादसे के बाद वाहनों में आग लग गई जिसमें मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी थी। कार सवार सभी लोग मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास हुई थी दुर्घटना। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है।

प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के एसपी कुंदन कांवरिया ने बताया कि समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

बदली जिंदगी | थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।

● डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

आ पहुंचा महापर्व

मांग रहा है साथ सभी का,

अपना हिन्दुस्तान।
याद दिलाने आ पहुंचा अब,
महापर्व मतदान।
ईवीएम ने पुन: पुकारा,
चलो, करो तैयारी।
बहुत ज़रूरी है जन-जन की,
इसमें भागीदारी।
नहीं कहीं भी अस्थिरता का,
उभरे कभी निशान।
मांग रहा है साथ सभी का,
अपना हिन्दुस्तान।
याद दिलाने आ पहुंचा अब,
महापर्व मतदान।
दिन-दोपहरी-सांझ ढले या,
हों अन्धेरी रातें।
भाती केवल अधिकारों की,
अब कानों को बातें।
लेकिन, कर्तव्यों का भी तो,
आवश्यक है भान।
मांग रहा है साथ सभी का,
अपना हिन्दुस्तान।
याद दिलाने आ पहुंचा अब,
महापर्व मतदान।

-राजीव 'प्रखर', (मुरादाबाद)

एक नजर

पहले कुर्सियां खाली, बाद में जगह की मारामारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : बारिश के चलते शुरुआत में पंडाल में भी पानी टपक रहा था। वीआईपी के बैठने के लिए लगे सोफे पूरी तरह गीले हो गए थे। वहीं पंडाल में सैकड़ों कुर्सियां दोपहर तक खाली रहीं। लेकिन, मौसम के ठीक होते ही भीड़ जनसभा की ओर आने लगी। जो कुर्सियां खाली थीं वह तो भर गईं बैठने के लिए जगह कम पड़ने के चलते बहुत से लोगों ने खड़े होकर गठबंधन के नेताओं का संबोधन सुना।

अखिलेश के न आने से मायूसी

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को देखने व सुनने आए कई लोग कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलते समय आपस में चर्चा कर रहे थे कि अखिलेश के न आने से निराशा हुई, बेवजह समय खराब हो गया।

कंट्रोल रूम का निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट में बने वेब कास्टिंग कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 921 बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। कार्यदायी संस्था को बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, एडीएम न्यायिक शशि भूषण, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय अरोड़ा मौजूद रहे।

राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करतीं सपा प्रत्याशी रुचि वीरा, साथ में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव व अन्य। ● अमृत विचार

हेलीपैड पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

नहीं आए अखिलेश, स्थानीय नेताओं ने गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश पांडेय, सपा के बिलारी, कांठ, मुरादाबाद देहात, कुंदरकी व ठाकुरद्वारा क्षेत्र के विधायकों ने दिखाई दमदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बिगड़े मौसम ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जनसभा कार्यक्रम में खलल डाल दिया। बारिश के चलते हेलीकाप्टर उतरने की स्थिति न बनने से अखिलेश नहीं आए। ऐसे में मायूस समर्थकों को स्थानीय नेताओं ने अपने जोशीले भाषणों से भाजपा सरकार पर निशाना साधकर इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को बड़ी जीत दिलाने के लिए लोगों से 19 अप्रैल को मतदान करने का आह्वान किया।

महानगर के राजकीय इंटर कॉलेज में इंडिया गठबंधन से सपा की प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करने वाले थे। लेकिन, सुबह अचानक मौसम बिगड़ गया। तेज आंधी और बारिश से कार्यक्रम में खलल पड़ गया। जिसके चलते अखिलेश का हेलीकाप्टर उतरने की स्थिति न बनने से उनका आना टल गया। लेकिन, आखिरी समय तक मंच से इसे जाहिर न करते हुए बारिश के बीच भी लोगों को रोके रखा। बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, कांठ विधायक कमाल अख्तर, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय सहित गठबंधन के अन्य नेताओं ने उपस्थित जनता से भाजपा की गलत नीतियों के चलते लोकतंत्र और संविधान पर खतरा बताकर गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि पूरी ताकत से गठबंधन की सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। इसलिए 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान कर अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को बचाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यह चुनाव सम्मान और अधिकार का है।

मुरादाबाद देहात क्षेत्र के विधायक नासिर कुरैशी ने कहा कि खराब मौसम व अब धूप में खड़े होकर आप इतने धैर्य से जनसभा स्थल पर डटकर सपा प्रत्याशी के पक्ष में खड़े हैं। सपा प्रत्याशी हर गली मोहल्ले में पहुंचकर जनता से आशीर्वाद मांग रही हैं। उन्हें भारी मतों से जिताएं।

पूर्व विधायक इकराम कुरैशी ने कहा कि मुरादाबाद से रुचि वीरा को जिताकर संसद में भेजें जिससे जनता की आवाज बुलंद हो सके। किसान नेता हरेंद्र ताऊ ने कहा कि किसानों पर गोलियां चलवाने वाली भाजपा सरकार हर कदम पर हिटलरशाही दिखा रही है। आज डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की चुनौती है। इसलिए आज बाबा साहब की जयंती पर उनके संविधान और लोकतंत्र को बचाने की शपथ लेकर 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान कर भाजपा की सरकार को हटाएं।

सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने पुलिस कर्मियों पर जनसभा में आ रहे लोगों को रोकने और आए लोगों को वापस लौटाने का आरोप लगाया। वह मंच से ही पुलिस कर्मियों को ललकारने लगीं। बोलीं हिम्मत है तो पहले मुझे यहां से निकालकर दिखाओ। उन्होंने आरोप लगाया कि रास्ते में जगह-जगह बैरिकेड लगाकर सपाइयों व कांग्रेसियों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सत्ता का दलाल बनकर काम न करे। वरना जनता आपकी इस सरकार और प्रशासन को भी सबक सिखा देगी। उन्होंने आखिर में अपने लिए जनता से समर्थन मांगा। कहा आपके हर वोट का कर्ज आपके अधिकार के लिए लड़कर चुकाऊंगी। उन्होंने सपा और कांग्रेस नेताओं के सहयोग और समर्थन के लिए आभार जताया।

अध्यक्षता बाबर खां और संचालन फिरासत हुसैन गामा ने किया। इस दौरान कुंदरकी के विधायक व संभल लोकसभा से सपा प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी, पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान, पूर्व मंत्री युगल किशोर बाल्मीकि, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, रिजवान कुरैशी, असद मोलाई, अजय सारस्वत सोनी, सुधीर पाठक, शाने अली शानू, राजेश कुमारी यादव, शीरीगुल, असलम पंचायती सहित सपा, कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

राजकीय इंटर कालेज मैदान में आयोजित जनसभा में उपस्थित कार्यकर्ता व लोग। ● अमृत विचार

रुचि की दहाड़ से बैकफुट पर आई पुलिस

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

अमृत विचार: खराब मौसम भी सपा व गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा का हौसला डिगा नहीं पाई। अपने नेता के न आने से जनता को निराश नहीं होने दिया। खुद की पुलिस प्रशासन पर सत्ता की कठपुतली बनकर काम न करने और औकात में रहने की चेतावनी देकर जनता की शाबासी पाई। अपने दृढ़ निश्चय को उन्होंने जनसभा में दिखाकर लोगों से समर्थन मांगा।

खराब मौसम के चलते लगभग तय हो चुका था कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का हेलीकाप्टर उतर नहीं पाएगा। लेकिन, मौसम में सुधार से थोड़ी उम्मीद जगी लेकिन, बरेली में भी हवाई जहाज न पहुंचने की स्थिति की जानकारी के बाद गठबंधन के नेताओं ने मंच पर मोर्चा संभाला। उन्होंने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाकर संविधान बचाने के लिए गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की तो भीड़ को हटा रहे कुछ पुलिस कर्मियों को देख मंच से ही प्रत्याशी रुचि वीरा का तेवर बदल गया।

उन्होंने पुलिस कर्मियों व विरोधियों को ललकार कर जनता को उत्साहित कर दिया। बोलीं- जो पुलिस कर्मी यहां भीड़ से लोगों को बाहर भेजने में लगे हैं वह सत्ता की कठपुतली बनने से बाज आएं, हिम्मत है तो उन्हें खुद बाहर भेजकर देखें। औकात में रहने की उनकी चेतावनी पर भीड़ ने खड़े होकर उनके पक्ष में नारा लगाया। उन्होंने भाजपा पर सत्ता व जोर जबरदस्ती से वोट हासिल करने का आरोप मढ़कर कहा कि जनता के आशीर्वाद से जीत मिली तो वह एक-एक वोट का कर्ज चुकाएंगी।

खुद के बाहरी होने के विरोधियों के आरोपों पर कहा कि मुरादाबाद महानगर की वह बेटी हैं। यहां पढ़ाई की हैं। हर गली, मोहल्ले से वाकिफ हैं। अपने ससुराल के राजनीतिक पृष्ठभूमि का जिक्र कर कहा है हमने कभी नफरत व जाति धर्म की राजनीति नहीं की। पुलिस प्रशासन पर सत्ता की कठपुतली बनकर काम करने का आरोप लगाकर इससे निपटने का दम भी दिखाया।

सपा कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस को मना करतीं प्रत्याशी रुचि वीरा। ● अमृत विचार

नेताओं ने मंच से भरी हुंकार

गठबंधन के नेताओं ने मंच से जहां अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। वहीं शेरो शायरी से मंच से हुंकार भरकर लोगों में ऊर्जा भरी। पूर्व विधायक इकराम कुरैशी ने कहा खामोश मिजाजी तुम्हें जीने नहीं देगी, इस दौर में जीना है तो कोहराम मचा दो।

- **खाकी को हद में रहने की दी नसीहत, बोलीं - आप जनता के सेवक हैं**
- **बाहरी का आरोप लगाने वालों को दिया जवाब, कहा- मुरादाबाद की बेटी हूं**

बेटी बचाओ पर कसा तंज

गठबंधन के नेताओं व प्रत्याशी ने भाजपा के बेटी बचाओ नारे पर तंज कसा। कहा कि जो लोग बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जुमलेबाजी करते हैं वह आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली गठबंधन प्रत्याशी को पचा नहीं पा रहे हैं। उनके रास्ते में अड़चन डाल रहे हैं।

सैंड आर्ट से मतदान का संदेश : रामगंगा नदी के किनारे परिवर्तन दी चेंज संस्था द्वारा रविवार को स्वीप अभियान के अंतर्गत सैंड आर्ट के जरिए लोगों को मतदान का संदेश दिया गया। इसके माध्यम से 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों से लोक सभा चुनाव में मतदान करने की अपील की गई। विवेक, प्रिंस, आदित्य, मानसी, नेहा आदि ने लोगों को मतदान को प्रेरित किया। ● अमृत विचार

कितना असर डालेगी अधूरी जनसभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन की अधूरी जनसभा सपा की लोकसभा चुनाव की लड़ाई में कितना असर डालेगी, यह तो चुनाव परिणाम आने पर ही पता चलेगा। लेकिन, सपा मुखिया अखिलेश यादव का रुचि वीरा की जनसभा में न आ पाना सपाइयों के लिए काफी निराशाजनक रहा। बारिश के बावजूद सपा, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोगों का आना जारी रहा। लेकिन, बारिश कहीं न कहीं लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर रही थी कि सपा मुखिया अखिलेश यादव आ भी पाएंगे कि नहीं। इसी उधेड़बुन में सभा में मौजूद लोग रहे। इस दौरान जनसभा में लोग आते जाते रहे। हालांकि लोगों में काफी निराशा रही। लोग अखिलेश यादव को सुनने को डटे रहे।

अखिलेश यादव की सभा में सुबह के समय खाली पड़ी कुर्सी व पंडाल में जमा पानी।

वैसे लोगों को तभी लगने लगा था कि अब अखिलेश यादव नहीं आएंगे, जब टेंट पंडाल वाले अपना टेंट खोलने लगे थे। ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया कि जनसभा चल रही हो और टेंट पंडाल वाला अपने टेंट पंडाल खोलने लगे। लेकिन, सपा प्रत्याशी रुचि वीरा की जनसभा में ऐसा हुआ। इसका मतलब है कि कहीं से उन्हें पता हो गया था कि मौसम खराब होने के कारण अब अखिलेश यादव जनसभा में नहीं आ पाएंगे। वैसे काफी टेंट पंडाल बारिश के कारण गिर भी रहे थे। हालांकि लोगों ने भी काफी धैर्य से काम लिया और लगभग साढ़े तीन बजे सभा समाप्त होने तक मौजूद रहे। बारिश होने के कारण काफी लोग बाहर ही खड़े रहे और पंडाल के अंदर तक गए ही नहीं। एक तो ऊपर का पानी और फिर पंडाल में ऊपर लगे कपड़े का पानी भी लोगों को भिगो रहा था। फिर भी काफी लोग इंडिया गठबंधन के नेता अखिलेश यादव को सुनने की आस में बैठे रहे। लेकिन, अंत में साढ़े तीन बजे उन्हें अखिलेश यादव के न आने की पुख्ता जानकारी मिली तो वे निराश होकर वापस गए।

सप्तमी कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।



शहर में आज

- बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभा लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में पूर्वाह्न 11:00 बजे।
- दिल्ली रोड पर राही होटल में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पत्रकार वार्ता शाम शाम 4.30 बजे।
- नवरात्र के सातवें दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना सुबह 7:00 बजे।
- मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तन शाम 5:00 बजे।
- एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में मैच सुबह 9:00 बजे।

एक नजर

तीन सूत्रों को याद किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्र आजाद सैनी, अंकित सैनी, अभिषेक सैनी और हेमंत सैनी ने मिलकर बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति मिट्टी से बना कर पुष्पांजलि दी। छात्रों ने संदेश दिया कि हमें बाबा साहब के तीन सूत्रों शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का पालन करना चाहिए। यदि सभी लोग शिक्षित होंगे संगठित रह कर संघर्ष करेंगे तो कोई ताकत नहीं जो देश को विश्व में नंबर एक राष्ट्र बनने से रोक सके।

भक्तों ने घरों- मंदिरों में की माता रानी की आराधना, जगह-जगह हुए भजन-कीर्तन, आज होगी मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना

मां कात्यायनी की पूजा कर मांगी मन्नतें, परिवार में शांति की कामना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना हुई। मां कात्यायनी को निर्भीकता और साहस की देवी माना जाता है। भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना करके विश्व व परिवार में शांति की कामना की। शाम को कालीमाता मंदिर, माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। साथ ही आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कात्यायनी देवी का नाम कात्यायन ऋषि की पुत्री होने के कारण कात्यायनी पड़ा। कात्यायनी देवी को दुर्गा माता का छठवां अवतार माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि अगर नवरात्रि पर देवी कात्यायनी की पूजा विधि-विधान के साथ की जाती है, तो उस भक्त को माता साहस और आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। सिंह पर सवार रहने वाली मां कात्यायनी की चार भुजाएं हैं, जिसमें वे कमल, तलवार आदि धारण करती हैं। कात्यायन ऋषि ने मां दुर्गा को अपने तप से प्रसन्न किया था, देवी ने जब उनको दर्शन देकर आशीर्वाद मांगने को कहा तो उन्होंने उनको अपनी पुत्री के रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। मां दुर्गा उनके घर पुत्री के रूप में प्रकट हुईं, जिनका नाम कात्यायनी पड़ा। वे अपने भक्तों को अभय प्रदान करती हैं।

आज होगी मां कालरात्रि की पूजा : सातवां दिन मां कालरात्रि को समर्पित है। 15 अप्रैल को पूरे विधि-विधान से दुर्गा माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा करने से सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता। मां कालरात्रि को यंत्र, मंत्र और तंत्र की देवी भी कहा जाता है।

रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं।

मां कालरात्रि की पूजा का महत्व

पं. मनोज पाठक ने बताया कि माता कालरात्रि अपने उपासकों को काल से भी बचाती हैं अर्थात उनकी अकाल मृत्यु नहीं होती। इनके नाम के उच्चारण मात्र से ही भूत, प्रेत, राक्षस और सभी नकारात्मक शक्तियां दूर भागती हैं। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं एवं ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली देवी हैं। इनके उपासक को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। सभी व्याधियों और शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए मां कालरात्रि की आराधना विशेष फलदायी होती है।

मां अंबे के कीर्तन में भजनों पर झूमे भक्त

मुरादाबाद, अमृत विचार : वैश्य समाज महिला संगठन की ओर से श्रीराम मंदिर में मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मां अंबे का कीर्तन किया गया। संगठन की सदस्याओं ने माता रानी के 16 शृंकार कर उन्हें सजाया। इस दौरान मां के जयकारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसमें सभी भक्तजन भक्ति भाव के रस में डूब गए। सभी भक्तों को पंचमेवा का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अरविंद गुप्ता, सुनीता गुप्ता, श्रेया गुप्ता, भावना गुप्ता, शिव, रेनू, सुरजीत, विमला, डॉक्टर मोहिनी, नीलम शर्मा आदि मौजूद रहे।

परोपकार फाउंडेशन ने बच्चों को दिलाई शपथ

मुरादाबाद, अमृत विचार: रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में परोपकार जनहित फाउंडेशन के द्वारा ग्राम चक हमीदपुर में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए चौपाल लगाई गई। इस दौरान बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया गया। बच्चों को पढ़ाई लिखाई के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई।

रविवार को ग्राम पंचायत चक हमीद पुर में परोपकार जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष रोहित विश्नोई एवं अन्य सदस्यों ने चौपाल पर गांव के सारे बच्चों को एकत्र किया। रविवार को अवकाश की वजह से चौपाल पर अधिकांश बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों को बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नवनीत कुमार, आकाश कुमार, अभिषेक चौधरी, अंकित विश्नोई, निधि आदि मौजूद रहे।

दलितों व वंचित समाज के लोगों को दिलाया अधिकार

जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए संविधान निर्माता व भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती रविवार को विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उन्हें नमन कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों व संगठनों ने आयोजन में कहा कि बाबा साहब ने दलितों व वंचित समाज के लोगों को अधिकार दिलाकर समता मूलक समाज की स्थापना की।

नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से टाउनहाल स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। यूनियन के नेता प्रेम बाबू वाल्मीकि ने कहा दलितों के मसीहा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने संविधान में दलितों को समान अधिकार का प्रावधान कर पशुवत जीवन से मुक्ति दिलाई। जिससे हम स्वाभिमान का जीवन जी रहे हैं। उस महामानव को शत-शत नमन करते हैं। कार्यक्रम में इंद्रेश वाल्मीकि, राजेंद्र वाल्मीकि, शेखर आजाद, सचिन वाल्मीकि, श्याम कुमार, लोकेश कुमार, प्रदीप क्षत्रिय, सुरेश सागर, अर्जुन सागर, सुधीर सागर, गुड्डू सागर, टीटू सागर, संजू सागर नंदू आदि ने भी अपने विचार रखे।

शोभायात्रा के दौरान बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर के नारे लगाती महिलाएं व युवतियां। ● अमृत विचार

डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष व अन्य।

कांग्रेसियों ने श्रद्धा के साथ किया बाबा साहब को नमन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मूंढापांडे में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के नेतृत्व में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष ने भारत रत्न बाबा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बाबा साहब अमर रहें का उद्घोष कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। कहा कि जिस बाबा साहब के बनाए संविधान से महिलाओं, किसानों, दलितों, अल्पसंख्यकों, मजदूरों के अधिकार सुरक्षित हैं। उसी को सरकार खतरे में डालने पर तुली है।

इसलिए हम सभी मिलकर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों व संविधान को बचाने के लिए काम करेंगे। इस दौरान अनूप दुबे, आनंद मोहन गुप्ता, विनय खन्ना, नरेंद्र पाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, अफजल साबरी, राजेंद्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, दाऊद खान, मोहतसिम मुख्तार, हाजी अकरम, शौकत, मंगल सेन, जावेद खान, फहीम राजा, मुन्ना अब्बासी, पंकज बौद्ध, डॉ. फरहत सरदार, सुखविंदर सिंह बंटी सहित अन्य ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की।

बाबा साहब को याद किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नागरिक एकता समिति के सदस्यों ने आंबेडकर पार्क पर पहुंच कर बाबा साहब की मूर्ति पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया। माल्यार्पण करने के बाद समिति अध्यक्ष नईम रजा ने सभी कार्यकर्ताओं से उनके बताएं रास्तों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव फैजान सलमानी, जितेंद्र प्रजापति, साकिब सिद्दीकी, शारिक सिद्दीकी, मुस्तकीम, अकरम चौधरी, दीपक रस्तोगी, डॉ. शरीफ अहमद समेत अन्य लोग शामिल रहे।

महानगर में धूमधाम से निकाली बाबा साहब की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मोहा महानगरवासियों का मन

अमृत विचार: अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ की ओर से डॉ. आंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। उसके बाद जनसभा में वक्ताओं ने उनके जीवन व संघर्षों पर प्रकाश डाला।

रविवार दोपहर 3 बजे से राजकीय इंटर कॉलेज से बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। इसकी शुरुआत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य व महापौर विनोद अग्रवाल ने फीता काटकर की। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। शोभायात्रा मंडी चौक, टाउनहाल, गुरहट्टी से डिप्टी गंज होते हुए शाम 6 बजे आंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। समापन समारोह के अवसर पर डॉ आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान विनय, द्वितीय स्थान खुशी, तृतीय स्थान पर उत्सव भारती रहे। वहीं सीनियर वर्ग में रश्मि सागर ने पहला, शुभ पाल ने दूसरा और प्रार्थना ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर संघ के महामंत्री रोहताश कुमार, परीक्षा प्रभारी डॉ. हरनन्दन प्रसाद, परीक्षा संयोजक जितेंद्र कुमार जोली, जयप्रकाश सिंह, मेघराज सिंह, दौलत सिंह, रघुवीर सिंह, ओपी सागर आदि मौजूद रहे।

बाबा साहब की बदौलत मिला समाज को समानता का अधिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने पूरे समाज को समानता का अधिकार दिया।

जिलाधिकारी ने लोगों से लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर और आसपास के नागरिकों से भी मतदान कराकर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एसीएम प्रथम प्रीति सिंह सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र को नमन करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर डाला प्रकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार: एसएस इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई।

महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब सामाजिक समरसता, समानता व कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति थे। भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख भूमिका निर्वहन करने बाले, संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत रत्न डॉ. भीम राव रामजी आंबेडकर जी ने शोषित पीड़ित वर्ग व महिलाओं के उत्थान और सामाजिक समरसता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस दौरान संजीव कुमार, वीर सिंह, योगेन्द्र कुमार, रोहित गौड़, पवन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, सुखलेश शर्मा आदि रहे।

महान देशभक्त और समाज सुधारक थे डॉ.आंबेडकर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जयंती

- गुलजारीमल धर्मशाला में बाबा साहब को किया नमन
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने किया नमन

अमृत विचार: महानगर की गुलजारीमल धर्मशाला में रविवार को आरएसएस द्वारा बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महानगर प्रचारक रोहित कुमार ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जिनको हम बाबा साहब के नाम से जानते हैं। महान देश भक्त, दूरदृष्टा, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। हमारा देश उनका ऋणी है। उनका जीवन बचपन से ही संघर्षमय रहा, लेकिन समाज और देश के लिए उनके पास एक स्पष्ट दृष्टि थी।

समाज को सामाजिक समरसता से जोड़ने के लिए हर संगठन और राजनीतिक दल को बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस क्षेत्र में कार्यरत संगठनों में से एक है। संघ न केवल सामाजिक समरसता में विश्वास करता है, बल्कि इसे लाखों स्वयंसेवकों के विशाल संघ परिवार में धरातल पर देख सकते हैं। मुख्य अतिथि नगर संत धीरशांत दास ने कहा कि सन 1913 में बाबा साहब ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय इस लिए छोड़ा, क्योंकि वहां भोजन में गौमांस रहता था। बाबा साहब ने जुलाई 1947 में संविधान सभा की झंडा समिति की बैठक में भगवा ध्वज को राष्ट्रध्वज घोषित करने की चर्चा की थी। इसके अलावा उन्होंने संस्कृत भाषा को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव भी रखा था। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहब के जीवन का प्रत्येक पक्ष अनुकरणीय है। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में न्याय और समानता के लिए प्रतिबद्ध हम लोकतंत्र के उत्सव के अवसर अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनके प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस मौके पर जोगेंद्र पाल सिंह, मनु देवराज सिंह, अनिल कठेरिया, नवदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, वंश सिंह, देवाशीष, राकेश कश्यप, सौरभ प्रेमी, यश कुमार शामिल रहे।

डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी ने जताया रोष

मुरादाबाद, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी की ओर से रविवार को बाबा साहब डॉ. आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी की स्थापना 14 अप्रैल सन 2019 को की गई थी। इस वर्ष डॉ. आंबेडकर पार्क खुशहालपुर में खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण व जयंती मनाए जाने की अनुमति प्रशासन से मांगी गई थी। लेकिन, प्रशासन की ओर से कमेटी को अनुमति नहीं दी गई। जिसकी वजह से प्रांतीय कार्यालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर इंजी. रामचंद्र सागर, कमलेश सागर, एडवोकेट सुरेश चंद्र सागर, वीर सिंह, वंश बहादुर, डॉ. कैलाश कुमार, आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।

सहूलियत अप्रैल से जून के अंतिम तक चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत

गर्मी की छुट्टियों में चलेंगी 19 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बरेली और मुरादाबाद से होकर गुजरेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

अमृत विचार: गर्मियों की छुट्टियों में सफर करने वाले ट्रेन यात्रियों के लिए सुखद समाचार यह है कि रेलवे प्रशासन समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने जा रहा है। इस दौरान रेलवे ने पंजाब, बिहार व दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए 19 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। यह सभी ट्रेनें इसी महीने में शुरू होकर जून के आखिरी तक संचालित की जाएगी और सभी ट्रेनें बरेली और मुरादाबाद से होकर गुजरेगी।

हर वर्ष गर्मियों की छुट्टियों में लोग घूमने और नौकरी पेशा लोग अपने घरों पर जाते हैं। इस दौरान ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। जिसके लिए रेलवे प्रशासन हर वर्ष समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है। इस बार भी अगले सप्ताह से 19 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू होने जा रहा है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि चंडीगढ़-गोरखपुर के बीच (04517-18) 25 अप्रैल से 28 जून तक चलेंगी। ट्रेन चंडीगढ़ से गुरुवार और गोरखपुर से शुक्रवार को चलेगी। दिल्ली से दरभंगा स्पेशल (04068-67) ट्रेन भी 26 अप्रैल से 29 जून तक संचालित की जाएगी। यह ट्रेन दिल्ली से मंगलवार और शुक्रवार तथा दरभंगा से बुधवार और शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन 19 फेरे लेगी। आनंद विहार-सहरसा (04027-28) 29 अप्रैल से 26 जून तक संचालित होगी। वीकली ट्रेन नौ फेरे पूरे करेगी। आनंद विहार से जयनगर वीकली ट्रेन (04059-60) के 19 फेरे होंगे। आनंद विहार से जोगबनी (04009-10) वीकली ट्रेन के नौ फेरे होंगे। इसके अलावा नई दिल्ली से सीतामढ़ी (04003-04), आनंद विहार से मुजफ्फरपुर (04057-58), गुवाहाटी से श्रीमाता वैष्णो देवी, जम्मूतवी से कोलकत्ता (04681-82), दिल्ली वाराणसी (04080-79), श्रीमाता वैष्णो देवी (04623-24), भटिंडा-वाराणसी (04529-30), छपरा-अमृतसर (05049-50), टनकपुर से दौराई (05097-98) और जबलपुर से हरिद्वार (02191-92) के अलावा अन्य मंडल से देहरादून से हावड़ा (04311-12), देहरादून से गोरखपुर (04309-10), देहरादून से मुजफ्फरपुर (04313514), गोरखपुर से अमृतसर (05005-06) ट्रेनों को चलाने का मुख्यालय ने शेड्यूल जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि समर स्पेशल ट्रेनें को चलने से दैनिक ट्रेनें में दबाव कम होगा और यात्रियों को भी काफी राहत मिलेगी।

हिंदू नव संवत्सर के उपलक्ष्य में किया हवन

मुरादाबाद, अमृत विचार: सर्व प्रयास सीता रसोई ट्रस्ट द्वारा रविवार को दिल्ली रोड साईं अस्पताल के सामने सीता रसोई भोजन रथ स्थल पर हिन्दू नव-संवत्सर के उपलक्ष्य में हवन किया गया। हवन पूजन का कार्य पं. मयंक जोशी के द्वारा सम्पन्न कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान उदयभान सिंह, सुप्रीत सिंह रहे।

हवन पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सीता रसोई परिवार के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने सहयोग किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष उदयभान सिंह एवं सचिव सुधांशु कौशिक ने मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान धीरज गुप्ता, सुनील कुमार शर्मा, उदयभान सिंह, सुधांशु कौशिक, धीरज गुप्ता, विवेक पांडेय, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

शरारती तत्वों ने खंडित की आंबेडकर प्रतिमा

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: मैनाठेर क्षेत्र के गांव नूरपुर में कुछ शरारती तत्वों ने शनिवार रात्रि को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा की दाहिने हाथ की अंगुली तोड़ दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शरारती तत्वों की तलाश कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस पर ग्रामीण शांत हुए।

नूरपुर गांव में शनिवार की रात डॉ.आंबेडकर मूर्ति की दाहिने हाथ की उंगली शरारती तत्वों ने तोड़ दी। ग्रामीणों ने मूर्ति खंडित होने पर रोष जताया। ग्राम प्रधान जलालुद्दीन की सूचना पर थाना मैनाठेर इंस्पेक्टर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर बाद बिलारी सीओ राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। साथ ही तहसीलदार भी आ गए। बिलारी एसडीएम और एसपी देहात संदीप कुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों आक्रोशित ग्रामीणों से बात की और उन्हें आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जिस पर ग्रामीण शांत हुए। वहीं देर शाम तक पार्क में डॉ. आंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित कर दी गई।

बाबा साहब की प्रतिमा खंडित होने की सूचना पर गांव नूरपुर में जमा लोग। ● अमृत विचार

- पुलिस ने पार्क में नई प्रतिमा स्थापित कराकर लोगों को शांत किया

एक नजर

रेलवे स्टेशन अधीक्षक की बेटी से 3.50 लाख की ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार : साइबर ठगों ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक की बेटी के खाते से 3 .50 लाख रुपये उड़ा लिए हैं। आरोपी ने टेलीग्राम ऐप डाउनलोड कराकर ठगी कर ली है। स्टेशन अधीक्षक ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर महेंद्र कुमार स्टेशन अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। उनकी बेटी जॉर्जिया में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। महेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी बेटी ने अपने मोबाइल में नया सिम डाला था। उसी दौरान व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से एक लिंक आया। छात्रा ने लिंक ओपन किया तो मोबाइल पर एनीडेस्क ऐप डाउनलोड हो गया। मैसेज भेजने वाले ने उसके मोबाइल पर टेलीग्राम ऐप पर भी मैसेज भेजा था। इसके बाद छात्रा के खाते से 3 .50 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए थे। जब छात्रा के मोबाइल पर बैंक का मैसेज आया, तब उसे ठगी का पता चला। पीड़िता ने अपने पिता को कॉल करके घटना की जानकारी दी थी। मामले में महेंद्र कुमार ने पुलिस लाइन पहुंचे और वहां साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

2.5 लाख लोगों की 7 घंटे बिजली गुल

कंपनी बाग में बारिश के दौरान विद्युत लाइन पर गिरे पेड़ को काटते विद्युतकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मौसम बिगड़ने से पूरे शहर में बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। रविवार सुबह से ही 400 केवी विद्युत केंद्र से बिजली आपूर्ति बाधित होने से तीनों वितरण खंड से जुड़े 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की सुबह 9 बजे बिजली आपूर्ति गुल हो गई। बारिश से शहर के आधे विद्युत केंद्रों की शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही।

रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे बिजली आपूर्ति सबसे पहले विवेकानंद 132 केवी विद्युत केंद्र से जुड़े पीबीआर, वेव मॉल, पीटीसी कंपनी बाग टैक्सी स्टैंड, पीतल नगरी, दौलत बाग,टाउन हॉल विद्युत उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति गुल हो गई। इसके बाद 9 बजे कांठ स्थित 400 केवी विद्युत केंद्र से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे वितरण खंड प्रथम द्वितीय व तृतीय के जुड़े छोटे-बड़े उपकेंद्र के जुड़े 2 लाख 5 हजार उपभोक्ताओं की बिजली सुबह से शाम 4 बजे तक लगातार 7 घंटे बाधित रही। ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के फोन घनघनाने लगे। बारिश में कई स्थानों पर विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने से बारिश के दौरान तार टूट गए। दोपहर बाद धूप निकलने के बाद बिजली कर्मचारियों ने लाइन जोड़ी। अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा ने बताया कि कांठ में 400 केवी बिजलीघर पर अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रांसमिशन विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत केंद्र में लगे कनवेटर फेल हो गए जिससे कई जगह की वायरिंग में फाल्ट हुए और बिजली आपूर्ति गुल हो गई। उन्होंने बताया कि शाम चार बजे तक सभी विद्युत केंद्रों की बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई।

हर साल ले रहे नामांकन फीस, हर ओर से अभिभावकों की जेब ढीली करने की तैयारी

बेहतर शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का शोषण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बेहतर शिक्षा के नाम पर निजी स्कूल सारे नियम कानूनों को दरकिनार कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। शिक्षण शुल्क में प्रतिवर्ष बढ़ोतरी तो कर ही रहे हैं, साथ ही नामांकन शुल्क भी मनमाने दर पर वसूल रहे हैं। जिससे कई बच्चे निजी स्कूलों में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं।

महानगर में दो दर्जन से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं। अभिभावक सुरेश, संजीव, संजे, रोहन, सचिन, अनिकेत, साहिल आदि का कहना है कि निजी स्कूल वाहन शुल्क, शिक्षण शुल्क तो मनमाने ढंग से वसूल ही रहे हैं। इसके साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाला बच्चा जब एक कक्षा से दूसरे में प्रवेश करता है तो उसके नामांकन के लिए 1500 से 2000 अलग से लेते हैं। साथ ही साथ किताबें भी प्रतिवर्ष बदल देते हैं। कुल मिलाकर तीन से 4000 रुपये हर माह देना पड़ रहा है। अभिभावकों ने इस पर रोक लगाने की मांग की है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि विद्यालय में अगली कक्षा में प्रवेश करने वाले छात्र से नामांकन शुल्क नहीं लिया जा सकता है। ऐसी शिकायत आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

एनसीईआरटी के अलावा स्कूलों में दूसरी किताबें लागू नहीं की जा सकतीं

सीबीएसई स्कूलों में एनसीईआरटी के अलावा खास प्रकाशकों की महंगी किताबों को शामिल किया गया है। कोर्स में जो अन्य किताबें शामिल की गई हैं, वे 150 रुपये से लेकर 700 रुपये तक की आ रही हैं। कंप्यूटर की किताब जो बाजार में 150-200 रुपये में मिल सकती है, लेकिन वह तय दुकानों पर 400 से 500 रुपये में बेची जा रही है, जिससे अभिभावकों को यह किताबें मजबूरी में कोर्स के साथ खरीदनी पड़ रही हैं। हालांकि सरकार के नियम हैं कि एनसीईआरटी के अलावा स्कूलों में दूसरी किताबें लागू नहीं की जा सकतीं है, लेकिन शिक्षा विभाग का इन स्कूलों पर नियंत्रण नहीं होने से वे खास प्रकाशक की किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगवा पा रहे हैं।

सीबीएसई स्कूलों में सरकार के निर्देशों की अवहेलना

सीबीएसई मान्यता प्राप्त जिले के स्कूलों में कक्षा एक व दो के कोर्स में 12 किताबें शामिल की हैं। कक्षा तीन से पांच में किताबों की संख्या 16 है। भाषा गणित और पर्यावरण के अलावा इन स्कूलों ने नैतिक शिक्षा, जनरल नॉलेज, कंप्यूटर, आर्ट वर्क, सुलेख (हिंदी व अंग्रेजी) व्याकरण (हिंदी व अंग्रेजी) आदि विषय भी शामिल कर दिए हैं। यह केंद्र के निर्देशों की अवहेलना है।

सरकार की गाइड लाइन में यह थे निर्देश

केंद्र सरकार की गाइड लाइन में स्पष्ट है कि कक्षा एक व दो में भाषा और गणित के अलावा किसी अन्य विषय की किताब नहीं चलेगी। कक्षा तीन से पांच तक इन दो विषयों के अलावा पर्यावरण विषय शामिल करने की छूट दी गई हैं। इसमें कहा गया है कि जो विषय एनसीईआरटी ने तय किए हैं उनसे अलग कोई किताब न चलाई जाए। देखा जाए तो यह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि सेंट्रल स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक अधिकतम पांच किताबें ही चलती हैं। वे सभी एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित होती हैं। इसके अलावा कक्षा एक व दो में होमवर्क न देने के आदेश भी दिए गए।

सुबह से दोपहर तक हुई बारिश से मौसम में ठंडक

मुरादाबाद, अमृत विचार: तीन दिनों से पड़ रही गर्मी के बीच रविवार सुबह हुई बारिश से मौसम ठंडा हो गया। सुबह होते ही आसमान में घने बादल छाने के कुछ देर बाद आंधी चली और फिर बारिश शुरू हो गई। जिससे दिन के अधिकतम तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो गई।

रविवार को दिन की शुरुआत आसमान पर आंशिक बादलों के छाए रहने के साथ हुई। सुबह आठ बजे के बाद बादलों की आवाजाही बढ़ने लगी। आधे घंटे बाद काली घटाएं घिर आईं। कुछ ही देर में शुरू हुई बूंदाबांदी ने देखते ही देखते तेज बारिश का रूप ले लिया। हवा के झोंकों के साथ आधे घंटे तेज बारिश हुई। बारिश की रफ्तार थमने के बाद भी रुक-रुककर गरज चमक के साथ रिमझिम बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। बारिश के चलते दिन का अधिकतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। जिसके बाद रविवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को भी मौसम पर थोड़ा असर दिखा सकता है।

गर्मी की बारिश से उफनाए स्मार्ट सिटी के नाले, सड़कों पर जलभराव

गलियों में भरा पानी और नालियां भी हुईं ओवरफ्लो, लगातार बढ़ रही गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बेमौसम हुई बारिश से शहर के नाले उफनाकर सड़क पर जा पहुंचे और आने-जाने वाले लोगों के लिए मुसीबत भरे साबित हुए। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे से मौसम ने जोर पकड़ा और फिर बारिश शुरू हुई। इसके चलते लोगों को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन, शहर में आवागमन का कार्य काफी प्रभावित हुआ। नगर की गलियों से जल निकासी न हो पाने के कारण भारी जलभराव रहा। मोहल्लों की नालियों से भी बारिश का पानी न निकल पाने के कारण भारी समस्या हुई। नालियां भी ओवरफ्लो हुईं। इसके कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गर्मी की बारिश से नगर के हालात काफी बिगड़े हुए थे। सड़क पर चंद मिनटों में नालों का गंदा पानी और मलबा जब सड़क पर आ गया तो लोग हैरान परेशान हो गए। सुबह का समय होने के कारण कुछ लोग पैदल ही आ जा रहे थे। जिस सड़क से लोगों का आनाजाना था, उसमें मलबा बह रहा था। उस पर वहां से गुजर रहे दोपहिया और चार पहिया वाहन कहर ढा रहे थे। वाहनों के तेजी से निकलने के कारण सड़क पर बह रहा मलबा लोगों के ऊपर पड़ रहा था। इससे लोग काफी परेशान हुए। नाले का गंदा पानी और उसकी दुर्गंध भी लोगों पर भारी पड़ रही थी। नालों के मलबे से पटे होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर आया। इसको लेकर अमृत विचार ने एक दिन पहले ही नालों के मलबे से पटे होने की बात लिखी थी। यह बात पूरी तरह से सच साबित हुई। इसको लेकर अपर नगर आयुक्त द्वितीय ने नालों की सफाई कराने की बात कही थी। लेकिन, नालों की सफाई के पहले ही बारिश हो गई और उससे लोगों को परेशानी हुई। बारिश से किसानों को काफी परेशानी हुई। खेतों में पड़ी हुई गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इसमें कुछ फसल तो काटकर खेतों में रखी हुई थी। काफी फसल अभी बिना कटे ही खेतों में पड़ी हुई है। इससे गेहूं के दानों की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। गेहूं के बीजों के काले पड़ने की संभावना बढ़ गई है। इसके साथ ही उनका बाजार भाव भी कम हो सकता है। बारिश से गर्मी की फसलों को कुछ लाभ अवश्य होगा।

शहर के जिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण अथवा सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई का कार्य हुआ है, वहां पर बारिश के कारण काफी कीचड़ हो गया है। इससे लोगों का आनाजाना मुश्किल हो गया है। जब कुछ घंटों की बरसात से नगर के ये हालात हैं तो बारिश के समय क्या स्थिति होगी, सहज ही समझा जा सकता है।

बारिश के दौरान जेल रोड से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

कूड़ा फेंकने से महानगर के नाले पटे

नंदनी और लच्छमी से लोग बेहाल, नगर निगम को साफ-सफाई का नहीं ध्यान

बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मौसम ने रविवार को करवट ली और बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। लेकिन, इस बारिश ने किसानों के चेहरे पर निराशा ला दी। इस समय खेतों में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार है। बारिश होने से कटाई प्रभावित हो गई। साथ ही जिन खेतों में गेहूं की फसल कटी पड़ी थी। उसमें नुकसान होने की आशंका है।

जनपद में सुबह से ही बादल काले और ठंडी हवा चलने लगी। इसके बाद 8.30 बजे से बारिश शुरू हो गई। इसके बाद रूक-रूक कर 12 बजे तक बारिश पड़ती रही। इससे शहरी क्षेत्र के लोग जहां खुश दिखे, तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसान परेशान हो गए। इस महीने में गेहूं की फसल कटने के लिए तैयार हो जाती है और कुछ जगहों पर इसकी कटाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन बारिश के बाद फसल की कटाई रुक गई है। ऐसे में गेहूं के दाने काले पड़ जाते हैं, जिससे किसान को फसल में काफी नुकसान पहुंचने की संभावना है। मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, महलकपुर, काजीपुरा निवासी किसानों ने बताया कि सुबह अचानक मौसम में बदलाव शुरू हो गया और फिर तेज और कहीं हल्की बारिश शुरू हो गई। किसानों का कहना है कि इस महीने में गेहूं की फसल कटने के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश होने की वजह से फसल का काफी नुकसान हुआ है। अगर आगे भी ऐसा ही मौसम रहा तो फसल और खराब होने की संभावना है। वहीं जिन खेतों में कटाई चल रही है, उन खेतों में भारी नुकसान की संभावना है। गेंहू के दानों जमीन पर गिर जाएगा। साथ ही कटी हुई गेंहू को दोबारा से सुखाना पड़ेगा। जिसके लिए तेज धूप चाहिए। कई दिन तक किसानों को इस परेशानी से जुझना पड़ेगा।

ग्राम मऊ में बारिश से भीगी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

> गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई है। ऐसे में अगर और बारिश हुई तो फसल खराब हो जाएगी, जिससे फसल का उत्पादन प्रभावित होगा।
> – चरन सिंह, गांव समदपुर

> खेतों में गेहूं की कटाई चल रही है। किसान फसल समेटने में लगे हुए हैं। ऐसे में बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कटी हुई फसल को दोबारा सुखाना पड़ेगा। – रोहित देवल, पसियापुरा

रैली निकाल कर शहीदों को किया याद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर रविवार को रैली निकालकर आग से सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी कृष्णकांत ओझा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के दिन (14 अप्रैल 1944) मुंबई बंदरगाह पर अग्निकांड हुआ था। जिस पर काबू पाने में अग्निशमन विभाग के 66 जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी शहादत को याद रखने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर जिले के हैलेट रोड, कटघर, कांठ, बिलारी और ठाकुरद्वारा में स्थित अग्निशमन केंद्रों पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला मुख्यालय पर हैलेट रोड स्थित अग्निशमन कार्यालय पर अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी मोहित शर्मा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्मृति चिह्न पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। फिर दो मिनट का मौन रखकर शहीद अग्निशमन कर्मियों को याद किया। अग्निशमन वाहनों के साथ महानगर में रैली निकाली। रैली के दौरान अग्नि सुरक्षा एवं जीव रक्षा के बचाव का संदेश देने वाले पंफलेट भी बांटे गए। पअग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान आग से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों, स्कूल-कॉलेज और फैक्ट्रियों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर महानगर में जागरूकता रैली निकालते पुलिसकर्मी।

माता से देश की सुख समृद्धि की कामना की

मुरादाबाद, अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से रविवार को लालबाग स्थित काली माता मंदिर पर मां काली की भव्य आरती की गई। माता से देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि मां शक्ति स्वरूपा ज्ञान को देने वाली है। आज पुनः भारत को उसे स्थिति पर पहुंचाएं कि संपूर्ण विश्व भारत से ज्ञान प्राप्त करें। इन्हीं सभी प्रार्थनाओं के साथ कार्यकर्ताओं ने आदिशक्ति की महाआरती की। इस दौरान वंदना शर्मा, गौरव, जय किशन, दीप खुराना, रोहित, अमन सैनी, अनुज आर्य, प्रियंक शर्मा, दीनदयाल प्रजापति, अजय, महेंद्र, अभिषेक, गौरव कश्यप, रोहित कश्यप, कलवेश, मनोज, विकास, सोनू, गुड्डू, राकेश आदि मौजूद रहे।

50,000 घूस लेने पर मजिस्ट्रेट समेत तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर के इंपीरियल तिराहा पर एक कार में दो लाख रुपये बरामद होने पर एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) ने पहले प्रापर्टी डीलर को विभिन्न तरह की कार्रवाई की धमक दिखाई और फिर 50,000 रुपये की घूस ली। रिश्वत के रुपये लेने के बाद ही उसे जाने दिया।

मौके से हटते ही प्रापर्टी डीलर ने एसएसपी हेमराज मीना को फोन पर घटना बताई। इसके बाद सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने प्रापर्टी डीलर से मोबाइल पर संपर्क कर उसे बुलाया और घटना जानी। साथ ही नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक को भी बुलाया था। फिर पीड़ित के साथ घटना स्थल पर जाकर जांच की। वहां मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों से पूछताछ भी की। आरोपी एसएसटी के मजिस्ट्रेट व अन्य स्टॉफ से भी पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रापर्टी डीलर को उसके 50,000 रुपये भी वापस कराए गए थे। साथ ही प्रापर्टी डीलर की तहरीर पर एसएसटी के आरोपी मजिस्ट्रेट और अन्य स्टॉफ के विरुद्ध नगर कोतवाली में नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। इसमें एसएसटी के मजिस्ट्रेट सुरजीत कुमार, कांस्टेबल दुष्यंत कुमार व कैमरा मैन सुशील कुमार नामजद हुए हैं।

घटना शुक्रवार शाम 6.30 बजे की है। इस मामले में कार्रवाई के लिए सीओ व प्रभारी निरीक्षक ने रिपोर्ट डीएम/एसएसपी को भेज दी है। संबंधित स्टेटिक सर्विलांस टीम से आरोपित मजिस्ट्रेट व अन्य स्टॉफ हटा दिया गया है। यह मामला प्रापर्टी डीलर दीक्षित शर्मा के साथ हुआ है। उन्होंने बताया कि वह 12 अप्रैल को शाम 6.30 बजे अपने ड्राइवर योगेंद्र शर्मा के साथ कार से बुध बाजार आए थे। लौटते समय इंपीरियल तिराहे पर कुछ लोग चेकिंग कर रहे थे। उनकी कार को रोक लिया और चेकिंग करने लगे। कार के डैशबोर्ड में दो लाख रुपये रखे थे। रुपये देखकर मजिस्ट्रेट सुरजीत कुमार ने उनसे सवाल-जवाब किए तो दीक्षित ने उन्हें बताया भी कि वह रुपये उधार लिए हैं और कुछ रुपये घर से लाए थे। जिसके वह सुबूत भी दे सकते हैं। मजिस्ट्रेट व उनका स्टॉफ रुपये को जब्त करने की बात कहने लगे। फिर उन लोगों ने उनसे 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी।

वैसे एसएसटी के मजिस्ट्रेट सुरजीत कुमार नलकूप विभाग में अवर अभियंता हैं। इनके साथ मौजूद कांस्टेबल दुष्यंत कुमार नगर कोतवाली में नियुक्त है। दीक्षित ने बताया कि उनकी कार को चेकिंग प्वाइंट से पीछे की ओर खड़ा करा लिया। इसके बाद कैमरा मैन सुशील ने उनकी कार में आकर 50,000 रुपये ले लिए, तब उन्हें जाने दिया था।

वाणिज्य कर विभाग में जमा करने थे रुपये

दीक्षित ने बताया कि वह अमरोहा जिले में कोतवाली अमरोहा देहात क्षेत्र के नन्हेड़ा गांव के रहने वाले हैं। उनकी ट्रक (डीसीएम) पर एक व्यापारी के बर्तन लोड थे। जिसे कुछ दिन पहले राज्य कर विभाग (वाणिज्य कर) के अधिकारियों ने पकड़ लिया था। डीसीएम अभी भी राज्य कर विभाग के कार्यालय में खड़ी है। उसी का पैसा जमा करने के लिए उन्होंने उधार दो लाख रुपये लिए थे, जो उनकी कार के डैशबोर्ड में रखे थे। वैसे दीक्षित प्रापर्टी का काम करते हैं। बताया कि बुध बाजार में वह अपने मोबाइल का कवर लेने गए थे, उसी दौरान उनके साथ इंपीरियल तिराहे पर घटना हुई।

शिव दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

मुरादाबाद, अमृत विचार: श्री शिव दुर्गा संकटमोचन मंदिर दीनदयाल नगर का सत्रहवां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सुबह से विधिविधान से मंत्रोच्चारण के साथ हवन व यज्ञ किया गया। सभी क्षेत्रवासियों ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की।

रविवार की सायं भजन संध्या में भजन गायक पारस म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र देव शर्मा, सुशील शर्मा, श्याम सुन्दर गौड़, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई, रविंद्र कुमार सिंह, विजय ढल, रामरतन शर्मा, ओमेंद्र सिंह, अरविंद बाजपेई, राकेश वर्मा, गीता ढल, गौरव अरोरा, मीना सिंह,अंजू गौड़,सुमन बिश्नोई ,शैला कपूर, ममता वाजपेई, जया वर्मा, तरुण सक्सेना, कल्पना सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

गटुवा, शानू व सुशील पर लगा एनएसए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : 10 अगस्त 2023 को भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड में पुलिस ने और तीन अभियुक्तों के विरुद्ध एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत कार्रवाई कर दी है। इन अभियुक्तों में आकाश उर्फ गटुवा, सूर्यकांत शर्मा उर्फ शानू और सुशील शर्मा उर्फ गोलू हैं। इनमें आकाश और सुशील शर्मा उर्फ गोलू अभी 24-24 वर्ष के हैं, जबकि सूर्यकांत 30 साल का है।

मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि थाने की रिपोर्ट पर उच्चाधिकारियों की संस्तुति के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने इन तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि आकाश, सूर्यकांत और सुशील को पुलिस ने 22 अगस्त 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों अभियुक्त कुख्यात अपराधी हैं। इनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में कई मुकदमे हैं। अभियुक्तों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर भाजपा नेता की हत्या की थी। घटना के दौरान अनुज चौधरी नया मुरादाबाद में पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेंट परिसर में टहल रहे थे। उनकी सरेआम हत्या से घटना स्थल के आसपास ही नहीं बल्कि पूरे जिले की लोक व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी। घटना के उपरांत अमरोहा जिले के थाना डिडौली के गांव सलामतपुर के संदीप सिंह पर थाने पर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने संभल जिले के एचोड़ा थाने के भवालपुर के अमित कुमार पुत्र विजय पाल सिंह व पुष्पेंद्र और हाजीबेड़ा के प्रभाकर चौधरी व इसके बेटे अनिकेत पर हत्या का मामला दर्ज कराया था।

कमलवीर के विरुद्ध पूर्व में हो चुकी है एनएसए की कार्रवाई

मझोला थानाध्यक्ष ने बताया कि विवेचना के दौरान प्रकाश में आया सूर्यकांत शर्मा उर्फ शानू बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव खजूरा का रहने वाला है, जिसका हाल पता ब्रहमपुरी जयंतीपुर थाना मझोला है। आकाश उर्फ गटुआ पुत्र पप्पू कश्यप कटघर में द्रोपदी सन इंटर कॉलेज के पास भदौड़ा डबल फाटक के पास का है। सुशील शर्मा उर्फ गोलू पुत्र ज्योति प्रकाश शर्मा अमरोहा जिले के थाना गजरौला क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी आजाद नगर का रहने वाला है, पर इसका हाल पता ब्रहमपुरी जयंतीपुर थाना मझोला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले 3 दिसंबर 2023 को अनुज चौधरी हत्याकांड से संबंधित अभियुक्त कमलवीर पुत्र श्याम सिंह निवासी प्रकाश एंक्लेव थाना सिविल लाइंस के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। कमलवीर मूल रूप से छजलैट थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर का रहने वाला है।

चुनाव ड्यूटी को पहुंचे सीआरपीएफ के जवान

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मुरादाबाद जिले में प्रथम चरण मतदान होना है। वोटिंग शुक्रवार को अर्थात 19 अप्रैल को होगी। इस मतदान को सुरक्षित और पूरी तरह से भयमुक्त बनाने के लिए सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के ढाई हजार से अधिक जवान रविवार को जिले में पहुंच गए।

सीआरपीएफ जवानों के आगमन पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका जिले के बॉर्डर पर पुष्पगुच्छ व बुके देकर स्वागत सम्मान किया और वहीं उन्हें जलपान भी कराया। जिकटघर थाना क्षेत्र के काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल सीआरपीएफ के जवानों को रिसीव करने को बिलारी टोल टैक्स के आगे पहुंचे थे। यहां उन्होंने सीआरपीएफ के 100 जवानों को रिसीव किया और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

जनसंपर्क

जन संपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी को समर्थन देते ईसाई समाज के लोग।

सपा प्रत्याशी ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा से पहले गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा ने महानगर के कई मोहल्लों में लोगों से जनसंपर्क किया। रविवार की सुबह 9 बजे गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा शहर में जनसंपर्क के दौरान आंबेडकर पार्क पहुंचीं। जहां उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 133वें जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ जुगल किशोर वाल्मीकि, महावीर सिंह मौर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष आंबेडकर महासंघ, नवरत्न सिंह जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ, महेन्द्र पाल सिंह, भयंकर सिंह बौद्ध, जिलाध्यक्ष जगदीश चन्द्र, सुनील कुमार, मोहित कुमार, आदि उपस्थित रहे। इसके बाद वह सेंट अन्थोनी चर्च पहुंचीं और ईसाई समुदाय के लोगों से जनसंपर्क कर वोट की अपील की। इस दौरान मैथ्यूज आर मैसी राष्ट्रीय अध्यक्ष, विक्टर मैसी, शाऊल मसीह, संजू मैसी, रवि मैसी, अभिषेक सिंह, रुचि सिंह, रीटा, कल्पना सिंह, रोबिन आदि लोग मौजूद रहे।

लेनदेन को लेकर भाइयों में विवाद, लाठी-डंडे चले

अगवानपुर, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महलकपुर निजामपुर में दो सगे भाइयों में लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना तूल पकड़ गया कि दोनों भाइयों में लाठी-डंडे चल गए। इस दौरान सोनू पुत्र विरेंद्र कुमार विश्नोई ने पुलिस चौकी अगवानपुर में अपने भाई मोनू व उसके दोस्त इस्लाम पुत्र मेंहदी के खिलाफ़ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने मोनू व उसके दोस्त इस्लाम को हिरासत में लेकर चालान कर जेल भेज दिया। चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने बताया कि मामला दोनों भाइयों के बीच लेनदेन का है। लेनदेन को ही लेकर दोनों में विवाद हुआ। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मोनू व इस्लाम चालान कर जेल भेज दिया है।

एक नजर

बाइक में टक्कर मारने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में बाइक से अपने घर से ससुराल जा रहे व्यक्ति को कार के चालक ने टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई थी। थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर निवासी विशाल कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह शनिवार को अपने घर शेखूपुर से ससुराल ग्राम भीखनपुर आसलपुर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ग्राम रजपुरा के पास पहुंची तो लगभग 1:30 तेज गति से आ रही अनियंत्रित कार के चालक ने विशाल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। स्वजनों की सूचना पर पहुंची छजलैट थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मृतक की पत्नी पूजा दिवाकर की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। कार के अंदर एक पेटी शराब एवं पुलिस की कैप रखी हुई थी।

अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन किया

बिलारी, अमृत विचार : नगर के चंदौसी हाईवे किनारे स्थित एक बैंक्वेट हॉल में किसान अन्नदाता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा दिनेश ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि चौधरी विजय सिंह रहे। इस दौरान बैठक में चौधरी ऋषिपाल सिंह, लवली यादव, चंद्रपाल सिंह सैनी, पवन शर्मा, भारत सिंह मौर्य, ललित चौधरी, मंगल सिंह मौजूद रहे।

भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाया

बिलारी, अमृत विचार : ग्राम अमरपुर काशी में चामुंडा मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन पूजा के साथ भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाए गए। रविवार श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य ओम शास्त्री ने भक्त श्रोताओं को गोवर्धन पूजा के प्रसंग का वर्णन किया। इस अवसर पर बाली सिंह चौहान, पुष्पेंद्र, तेजवान राघव, तेज प्रताप एडवोकेट, राजेश कुमार गुप्ता, जेपी यादव, पान सिंह चौहान, कृष्ण गोपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

भोजपुर में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई

भोजपुर, अमृत विचार : रविवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती नगर के मोहल्ला जाटवो वाला की धर्मशाला में केक काटकर मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा के मंडल मंत्री अमरजीत सिंह रहे। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवन पर प्रकाश डाला।

बाइक टकराने से दो घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मंदबुद्धि व्यक्ति से बाइक टकराने पर दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया गया। जिसमें मंदबुद्धि व्यक्ति की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद बिजनौर के नगीना निवासी बाइक सवार राहुल पुत्र महेंद्र सिंह एक दिन पूर्व रतुपुरा स्थित अपनी ससुराल आया था। रविवार को वह घर जा रहा था इसी दौरान अचानक सुरजन नगर के निकट मंदबुद्धि व्यक्ति बाइक से टकरा गया। जिसमें बाइक सवार व मंदबुद्धि सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मंदबुद्धि व्यक्ति रामनगर का बताया जा रहा है।

बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती नगर व देहात क्षेत्र में मनाई गई, अनुयायियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर व देहात क्षेत्र में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर का जयंती धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही उनकी मूर्ति व चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

रविवार को मुरादाबाद हाईवे किनारे आंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ किया। सर्वप्रथम प्रातः काल आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क में बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद भगवान बुद्ध की प्रार्थना की गई। इस दौरान डॉ. चरण सिंह, नवल कुमार, राम अवतार सिंह, रन सिंह भारती, दीपचंद, हरिशंकर, भानु प्रताप, जसवंत सिंह, प्रियंका आदि मौजूद रहे। वहीं कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में बाबा साहब का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापक व विद्यार्थियों ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान मीनाक्षी ,वंश, दीक्षा, सुहासिनी वर्मा, प्रियंका सिंह, हर्षित, नेहा पाल, अजय सिंह, महेश कुमार, ओम प्रकाश सिंह, शिव कुमार, गोपाल मौर्य, आदित्य कुमार, अखिलेश पचौरी, विष्णु देव, जय सिंह, अनिल कुमार, गौरव गुप्ता ,सुलभ चौहान, उदय पाल, महेश, लल्लू सिंह मौजूद रहे। नागरिक एकता परिषद ने डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाईः रुस्तम नगर सहसपुर में बाल्मीकि बस्ती में नागरिक एकता परिषद की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्राची, बृजपाल वाल्मीकि, प्रेम कुमार ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संजू अंबेडकर, बिंदु वाल्मीकि, गोविंद वाल्मीकि, शेखर, राज, चंचल वाल्मीकि, अंकुश वाल्मीकि, वीरेंद्र सिंह खटीक, कीर्ति यादव, फिरोज भाई, प्रशांत, सुशांत, प्रदीप वाल्मीकि, रानी वाल्मीकि, अरविंद, मिथिलेश वाल्मीकि, सोहनलाल, मनमोहन, शोभा, अंशु , शिव, छोटू, निशा, माया वाल्मीकि, नीतू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

बिलारी के आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कृषि औद्योगिक कॉलेज में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक।

आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

विद्यार्थियों ने बाबा साहब डॉ. आंबेडकर को याद किया

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कालेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने बाबा साहब के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कोमल राम ने किया। इस दौरान दीपक कुमार शर्मा, सुदेश कुमार, मनमोहन कौशिक, हरिशंकर शर्मा, पूजा यादव, शिवप्रिया आदि ने बाबा साहब के चित्रपर पुष्प अर्पित किए।

आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा

डिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र में रविवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। गांव हिमायूंपुर, धारक नगला में डॉ. आंबेडकर की शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब एक महान व्यक्ति थे, जो अपने समाज के सभी अधिकारों के लिए बहुत ही लड़े। तब जाकर हमारे समाज को एक पहचान मिली और आजादी मिली। इस दौरान मित्रपाल सिंह, सुनील कुमार, नितिन कुमार, राजबहादुर सिंह, विक्रम सिंह, दिनेश सिंह, यतेंद्र, समर सिंह, रतन राव, पंकज कुमार, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं बिलारी में वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने आंबेडकर पार्क में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अजय सिंह, संजय कुमार एडवोकेट, चंद्रपाल वाल्मीकि, मोहित कुमार जाटव, जय सिंह, इमरान, नूर, शाहिद अली अंसारी, हेमराज सिंह, सुनील कुमार सागर आदि उपस्थित रहे।

शोभायात्रा में शामिल झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नगर में निर्धारित मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रविवार को काशीपुर चुंगी स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर क्षेत्रीय विधायक नबाब जान खां, ब्लाक प्रमुख के पति वीर सिहं सैनी, भाजपा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान व समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता ने माल्यार्पण कर शोभा यात्रा का आरंभ किया। शोभायात्रा में युवक आंबेडकर संघ के कार्यकर्ता नीले रंग के झंडे हाथ में लेकर जयघोष करते हुए चल रहे थे। विभिन्न बैंडबाजों व डीजे के साथ शोभायात्रा में शामिल झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव डॉ. रामपाल सिंह गौतम, लोकमान सिंह, राकेश सागर, शिवलाल सागर, सभासद स्वराज सिंह ,ईश्वर सिंह सागर, गौतम सिंह, हरी सिंह सभासद राजेंद्र सिंह, शिवराम सिंह आदि शामिल रहे।

वहीं जयपुरा में भी डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कामरेड वीर सिंह तथा अध्यक्ष रोहिताश कुमार शामिल रहे। इस दौरान युवाओं झांकी भी निकाली। मनीष कुमार ने बाबा साहब के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा नेता प्रीतम सिंह, अंकित सागर, अमन कुमार, बंटी जाटव, राजा बाबू, शिवम कुमार, विक्की गौतम, अमन कुमार, निखिल सागर, शिवम सागर, सोनू सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग व झांकी। ● अमृत विचार

● अमृत विचार

जटपुरा में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

आयोजन

- डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर निकाली शोभायात्रा
- शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत

आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के मुख्य संचालक राकेश दानव व राष्ट्रीय संचालक मदनपाल सहदेव ने ग्राम बुधनगर में आंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में राजवीर सिह, मोनू कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार, दीपक आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

पूजा-अर्चना कर मांगी घर-परिवार की खुशहाली

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चैत्र नवरात्रि में रविवार को दुर्गा माता के छठे स्वरूप कत्यायनी देवी की विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर घर-परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। बाद में मन्दिरों में धार्मिक भजनों की प्रस्तुति से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। रविवार को भी नगर से लेकर देहात क्षेत्र के माता मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी थी। पूजा-अर्चना का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। भक्तों ने मां कात्यायनी देवी के समक्ष फल, फूल, प्रसाद भेंट किए। वहीं दोपहर बाद नगर के कोतवाली रोड दुर्गा मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, हरिहर मन्दिर, पीपल टोला स्थित पंचशील मन्दिर, बाजार गंज स्थित दुर्गा मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, कालरात्रि मंदिर, फरिदनगर रोड स्थित प्राचीन माता मंदिर, सिचाई कालौनी स्थित मंदिर, मोहल्ला बंजारन, सुरजन नगर आदि में स्थित मंदिरों में माता की पूजा की गई।

छठे दिन मंदिरों में हुई मां कात्यायनी की पूजा

कांठ, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के छठे दिन श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। नवरात्र के छठे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों पर महिलाओं ने गीत गाकर मां को मनाया। क्षेत्र के विद्वान पंडितों ने छठे नवरात्र के बारे में विस्तार से समझाते हुए बताया कि नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। स्कन्द पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दी गई सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। इस दौरान रामलीला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया गया।

बिलारी में भजन संध्या पर एकत्र हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाएं।

महिलाओं ने किया भजन संध्या का आयोजन

बिलारी, अमृत विचार : नगर की हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की महिला श्रद्धालुओं ने चैत्र माह में नवरात्रों में माता रानी की भजन संध्या का आयोजन किया। रविवार को स्टेशन रोड स्थित चंचल सिंघल के आवास पर हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं द्वारा नवरात्रों पर माता रानी की भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिलाओं ने माता रानी के छदं एव गीत गाए। जिसमें सुहागन हो सुहागन को ना कुछ चाहिए ,बस मां का आशीर्वाद चाहिए। मैया का रूप सुहाना लगता है, मैया रानी के भवन में दिल दीवाना हो गया आदि भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान चंचल सिंघल, खुशबू गुप्ता, सरिका गुप्ता, उमा अग्रवाल, तनु शर्मा, पल्लवी गुप्ता, गरिमा गुप्ता, कनिका, निधि शर्मा, सारिका अग्रवाल, शालिनी चुग,दीपा गुप्ता आदि मौजूद रही।

अग्निशमन विभाग ने निकाली जनजागरूकता रैली

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अग्निशमन विभाग द्वारा ठाकुरद्वारा फायर इंचार्ज के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली निकाली गई। फायर स्टेशन के एलएफएम नासिर खान ने बताया कि रविवार को अग्नि सुरक्षा से लोगों को जागरूक करने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में उपाए लिखे पर्चे वितरित किए गए हैं। इन पर्चों में लोगों को आग लगने से बचाव के उपाय व सावधानियां बताई गईं हैं। टीम में अंग्रेज सिंह, रवि कुमार, महकर सिंह, शिव कुमार, संजीव कुमार, नितेश खोखर, समीर, अंकित कुमार, मोहित कुमार, रोबिन कुमार, अंशुल कुमार अंकुश कुमार कविन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

आईवीएफ के युवा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया

ठाकुरहारा, अमृत विचार : अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा के आह्वान पर युवा प्रदेशाध्यक्ष अमित वार्ष्णेय अपनी टीम के साथ यूआर बेस्ट समाज के प्रदेश मंत्री विशाल अग्रवाल के आवास पर समाज के लोगों के साथ बैठक की।

रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा हेतु समाज के लोगों को आगे आकर इसे जागरूक करना होगा। साथ ही युवाओं को भी धर्म के प्रति जागरूक करना होता। तभी धर्म की रक्षा की जा सकती है । इस दौरान विशाल अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष व टीम का स्वागत किया। बैठक में सचिन अग्रवाल, डॉ. अनुज गुप्ता, अभिनव गुप्ता, गौतम कुमार, सुमित गुप्ता धर्मेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

जयंती पर बाबा साहब को किया याद

संवाददाता, कांठ/छजलैट

अमृत विचार : नगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, संस्थाओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बाबा साहब की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नगर के मौहल्ला फकीर गंज स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर से भारत रत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस पर गोष्ठी के उपरांत शोभायात्रा निकाली गई। जो संत रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर श्री रामलीला मंदिर, पुराना बस स्टैंड, मुख्य बाजार, शिव मोहिनी मंदिर, मान नगर होते हुए गंतव्य स्थल पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में डॉ. भीमराव आंबेडकर, प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू आदि की पोस्टर के रूप में झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे की धुन पर सैकड़ों युवक एक-दूसरे के नीला गुलाल लगाते एवं नृत्य करते चल रहे थे। मुख्य बाजार में वरिष्ठ व्यापारी अभय कुमार विश्नोई ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ग्राम डहरा में डॉ. अनिल कुमार की अगुवाई में गांव के चेतराम सिंह, ऋषिपाल सिंह, बनवारी सिंह, रामचरण सिंह, गंगाराम सिंह, मनीष कुमार आदि ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तहसील में एसडीएम विनय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार आदि स्टाफ ने बाबासाहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। ग्राम नवादा में एमबीडी इंटर कॉलेज में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर शांति प्रसाद, धीरज कुमार, पदम कुमार भारती, कमल चौहान, प्रतिभा आदि ने विचार व्यक्त किए। वहीं विभिन्न ग्रामों में जन्मोत्सव मनाया गया।

कांठ में शोभायात्रा में शामिल नागरिक। ● अमृत विचार

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कांठ, अमृत विचार : एसडीएम एवं थाना प्रभारी ने क्षेत्र में मतदान केंद्रों का दौरा किया और लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने का आह्वान किया। लोकसभा चुनाव का मतदान 19 अप्रैल को है।

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव मतदान करने के निर्देश पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को दिए हैं जिसको लेकर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। एसडीएम विनय कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने अलग-अलग स्थानों पर घूम कर मतदान केंद्रों का दौरा किया और मतदान केंद्रों के आसपास के लोगों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में सभी लोग निर्भय होकर मतदान करें और अगर किसी तरह की कोई समस्या है तो बताएं ताकि उन समस्याओं का समाधान समय रहते किया जा सके।

कार्यक्रम भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार: रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

ग्राम हरियाना में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। जो जाटव बस्ती से शुरू होकर मुख्य मुख्य मार्गों से होते हुए आंबेडकर पार्क हरियाना तक पहुंची। जिसमें विभिन्न महापुरुषों की झांकियां प्रस्तुत की गई। साथ ही ग्राम पंचायत शेखपुर और सारी पंजू में भी जुलूस निकाला गया। नगर स्थित आंबेडकर पार्क में लोगों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही मोहनपुर सीलपुर बाहपुर, चांदपुर मंगोल और चक हबीबपुर में भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शोभा यात्रा में शिवदत्त भारती, बीपी सिंह बौद्ध प्रिय, हरदयाल सिंह भारती, रविकत कुमार, नवनीत कुमार, जबर सिंह, राजकुमार उपस्थित रहे। थानाप्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल सिंह व चौकी इंचार्ज अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल झांकी।

कांग्रेसियों ने बाबा साहब को याद किया

कुंदरकी, अमृत विचार : रविवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जन्मदिवस मनाया गया। कांग्रेस कैंप कार्यालय कुंदरकी में चौधरी अहसान खान के नेतृत्व में बाबा आंबेडकर को जन्मदिवस पर याद किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी चौधरी दाऊद खान, ब्लॉक अध्यक्ष मूंढापांडे ठाकुर नरेंद्रपाल सिंह, नगर अध्यक्ष शौकत, बग्गा चौधरी, शाबेज़ खान, रियाज़ खान आदि मौजूद रहे।

बैसाखी पर हुआ शबद कीर्तन और लंगर

बिलारी, अमृत विचार : बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा में कांठ से आए रागी सुरजीत सिंह ने सिख धर्म की स्थापना की जानकारी दी। ज्ञानी यशपाल सिंह ने सभी परिवारों व देश के लिए वाहेगुरु से सुख-समृद्धि की अरदास की। इस अवसर पर गुरुद्वारे में सबद कीर्तन व अरदास के बाद गुरु का लंगर व प्रसाद भी छक्का गया। पंजाबी महासभा बिलारी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग ने बैसाखी पर्व की जानकारी दी। पंजाबी सभा बिलारी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग ने तिलक राज चांदना को पंजाबी सभा बिलारी का महामंत्री व मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह खुराना, गुरदीप कौर, साजन खुराना, रजनीश गर्ग,अभिषेक, चंदन डूडेजा, विशाल क्बात्रा, परसोत्तम कबात्रा, भारत भूषण चावला , छवि चावला, अभिषेक चांदना, प्रिया चांदना,सरदार सुरजीत सिंह, जसबीर कौर, मगन , श्रीमती जसवीर कौर आदि मौजूद रहे।

आग लगने से 58 बीघा फसल जली

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : बीड़ी की चिंगारी से किसानों के खेतों में खड़ी 58 बीघा गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना पर किसान खेत में पहुंचे तब तक आंधी के कारण आग विकराल रूप ले चुकी थी। इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी, मगर टीम मौके पर नहीं पहुंची जिससे किसानों में रोष है।।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर के 11 किसानों के खेतों में गेहूं की पक्की फसल खड़ी थी। बताया जाता है कि गांव के ही कुछ युवक गेहूं के खेत में बैठकर बीड़ी सिगरेट पी रहे थे। इसी दौरान बीड़ी गिर जाने से गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। खेतों में आग लगने की सूचना पर जैसे ही ग्रामीणों को मिली तो वह खेतों की तरफ दौड़े। इस दौरान महिलाओं व बच्चों ने भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया, मगर आंधी के कारण आग फैलने लगी। देखते ही देखते 58 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिसमें मालपुरा लक्ष्मीपुर शरणार्थी के राकेश कुमार, मुकेश कुमार, जीतो देवी, सतवीर सिंह, राजीव कुमार, कविता देवी, सीता देवी, फकीरचंद के 32 बीघा गेहू व उत्तराखंड के हल्दुहा साहू निवासी बलजीत सिंह, इंद्र सिंह के 20 बीघा राघुवाला निवासी शमसुद्दीन समेत कुल 58 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर क्षेत्र के हल्का लेखपाल ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। किसानों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवकों पर कार्रवाई की मांग की।

ठाकुरद्वारा के गांव मालपुरा लक्ष्मीपुर में खेत में जली फसल को देखते किसान।

▸▸ सूचना के बाद भी अग्निशमन विभाग की गाड़ी न पहुंचने से रोष

एक नजर

डिवाइडर से टकराई कार तीन पुलिसकर्मी घायल

गजरौला, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर रविवार दोपहर कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार में सवार इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि चालक को नींद आने से हादसा हुआ। शाहजहांपुर के सदर थाने के प्रभारी अमित चौहान निजी कार से दिल्ली में दबिश देने गए थे। उनके साथ सिपाही कृष्णपाल सिंह व महिला कांस्टेबल काजल पंवार भी साथ थे। सभी कार से दिल्ली से वापस लौट रहे थे। गजरौला के निकट हाईवे पर चालक को नींद आने पर कार डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार इंस्पेक्टर समेत तीनों पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने पुलिसकर्मियों के मामूली रूप से घायल होने की बात कही है।

सांड़ की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

रहरा, अमृत विचार : जनपद संभल के कस्बा गवां निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त राहुल कुमार के साथ शनिवार रात गजरौला से बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अलीगढ़ मार्ग पर दौरारा गांव के निकट सड़क पर घूम रहे सांड़ से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। जिससे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रहरा पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रहरा में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने दोनों दोस्तों की हालत गंभीर देखते ही उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं।

पर्स चोरी के आरोप में महिला गिरफ्तार

अमरोहा, अमृत विचार : रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार के निर्देशन में रजबपुर थाना पुलिस ने सूचना पर महिला को कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी महिला ने नाम जतन बाई पत्नी सलमान निवासी मध्य प्रदेश बताया। पुलिस ने उसके पास से एक पर्स चोरी का बरामद किया। जिसमें चार फोटो आधार कार्ड और 590 रुपये रखे हुए थे। पुलिस ने कार्रवाई कर महिला को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसको जेल भेज दिया गया है।

बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी व साथ में अन्य।

बाबा साहब के चित्र पर पुष्प चढ़ाते शिक्षक। ● अमृत विचार

हसनपुर में शोभायात्रा का आरंभ करते महेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य।

बाबा साहब के संविधान से मिल रहा सबको न्याय

डॉ. आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम, विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का दिया संदेश

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों एवं रास मंडल ने लोगों का मन मोह लिया।

रविवार को नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे से डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने आरंभ किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान से ही सबको न्याय मिल रहा है। शोभायात्रा रहरा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर आंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी, रामवीर सिंह, महेंद्र सिंह आर्य, पवन राज, सुशील भगत, अंकुर अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, महिपाल सिंह, नवाब सैफ, गुड्डू, संजय सहदेव, नवल जाटव, अखिलेश, बदर कुरैशी, संजय त्यागी आदि मौजूद रहे।

वहीं, राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने कहा कि बाबा साहब कहते थे जिस दिन युवा शिक्षा को अपना साथी बना लेगा। उस दिन भारतवर्ष को विश्व पटल पर महाशक्ति बनेगा। इस अवसर पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, राहुल शर्मा, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, चरण सिंह, मधुबाला, भावना, सीमा, नीतिका रहे।

बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक महबूब अली व अन्य। ● अमृत विचार

सैदनगली में शोभायात्रा का आरंभ करते अभिनव कौशिक व ममता गुर्जर।

डॉ. आंबेडकर के विचार लोगों को ताकत देते हैं : महबूब अली

अमरोहा, अमृत विचार : सदर विधायक महबूब अली ने डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव मनाया। महबूब अली ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से ही आज देश चल रहा है। रविवार को कैंप कार्यालय पर सदर विधायक महबूब अली ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। विधायक ने कहा कि उनके विचार और आदर्श लाखों लोगों को ताकत देते हैं और उनके विचार हम सभी को प्रेरित करते रहेंगे। उनके संविधान से सभी वर्गों, धर्मों को बेहतर प्रतिनिधत्व भेदभाव से आजादी तथा लोकतांत्रिक संविधान दिया। भीमराव अंबेडकर आजाद भारत के पहले कानून मंत्री रहे। कहा कि उनके संविधान से सामाजिक न्याय बच रहा है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी परवेज अली, जाहिद हुसैन, मुख्तार नकवी, रिजवान प्रधान, वीरभान यादव, शशीकांत गोयल आदि रहे।

बुरावली में बोलते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर व मंच पर बैठे अन्य। ● अमृत विचार

योगदान को किया याद

बुरावली, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर की जयंती रविवार को मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। बुरावली में हाथों में नीले झंडे लिए युवाओं ने संविधान निर्माता को याद किया और शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर मनोज कुमार शर्मा, अनुज कुमार, राजाराम, सुरेंद्र सिंह आर्य, सरोज गुर्जर, विनोद, मिंटू सागर, पवन सिंह, कमल सिंह, सतपाल सिंह, थान सिंह, सुरेश कुमार, अंकुर रहे।

प्रतिमा पर माल्यार्पण

सैदनगली, अमृत विचार : आंबेडकर युवा संघ के तहत डॉ. आंबेडकर की जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में अभिनव कौशिक और ब्लॉक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर ने बाबा आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रामलाल, चरण सिंह, मोहित, नरेश सागर, सुभाष सागर, दिनेश सिंह, जगपाल, धर्मवीर, विनीत कुमार, योगेंद्र, अरविंद कुमार, ओम प्रकाश, दिनेश कुमार, धर्मवीर जाटव, ओमप्रकाश जाटव, जगतपाल सिंह आदि रहे।

बाबा साहब ने सामाजिक सुधारों को आगे बढ़ाया

अमरोहा, अमृत विचार : डीएम राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का 134वां जन्मदिवस मनाया गया। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। रविवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जिलाधिकारी ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व को समर्पित एवं सामाजिक परिवर्तनकारी जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सुधारों को आंबेडकर ने आगे बढ़ाया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके विचारों एवं आदर्शों का पालन करना चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर, उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी नलिन कौशिक, आबकारी अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

देवी कात्यायनी का पूजन कर परिवार की समृद्धि की कामना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नवरात्र के छठें दिन श्रद्धालुओं ने देवी कात्यायनी की पूजा की। देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक माता के जयकारे गूंजते रहे।

नवरात्र के छठें दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हो गया था। देवी उपासकों ने माता के चरणों में फल, फूल, धूप, दीप अर्पित किया। माता का रोली से तिलक कर पुष्प और फल अर्पित कर नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया। माता की आरती उतारी और जयकारे लगाए। इसके बाद आरती और दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ ही पूजन किया। श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री के साथ ही धूप, कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान, देशी घी के साथ आहुति देकर पूजन किया। दुर्गा देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर, बाबा गंगानाथ मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

शाम को महिलाओं ने घरों और मंदिरों माता रानी की भेंट गाकर मां कात्यायनी से आशीर्वाद मांगा। वहीं हसनपुर में चैत्र नवरात्र के छठें दिन मां भगवती मंडल ने देवी कात्यायनी की पूजा कर आशीर्वाद लिया। शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर रविवार को मां कात्यायनी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने मां की वेदों के अनुसार विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता को फूल, फल, मिष्ठान आदि चढ़कर ज्योत की और माता रानी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।

आवास विकास कॉलोनी में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नवरात्र उत्सव में डांडिया खेलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नवरात्र उत्सव में महिलाओं ने खेला डांडिया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन ने गोलघर स्थित रिसोर्ट में नवरात्र उत्सव पर कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मां दुर्गा का आकर्षक दरबार सजाया, क्लब की सदस्यों ने माता रानी की पूजा अर्चना की। सभी ने सामूहिक प्रतियोगिता का आनंद उठाया और डांडिया किया। क्लब की अध्यक्षा एकता त्यागी ने बताया कि महिलाओं ने डांडिया खेला और रंगोली बनाई। क्लब की अध्यक्षा एकता त्यागी, सुधा शर्मा, सिम्मी अग्रवाल, कंचन दत्त, शगुन अग्रवाल, रूपम रस्तोगी, कल्पना शर्मा, बीना अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, चित्र गर्ग, मीनू जैन, सरिता सिंह, प्रियंका त्यागी, अमित शर्मा, अनुपम अग्रवाल, विनेश चौधरी आदि रहीं।

छठें दिन कात्यायनी देवी की पूजा कर भजन गाए

मुबारिजपुर, अमृत विचार : नवरात्र के छठें दिन मां दुर्गा के स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा कर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किया।

सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। महिलाओं ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर मां को चुनरी चढ़ाई। क्षेत्र के वनखंडी धाम, ढवारसी, आदमपुर, दढ़ियाल, रहरा, गंगेश्वरी, मुबारिजपुर चामुंडा शिव मंदिर व देवी मंदिर बुलंदशहर के अवंतिका देवी मंदिर सहित गांवों के मंदिरों में पूजा की गई। महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की और भजन कीर्तन किया। अवंतिका देवी मंदिर में लोगों ने पूजा कर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की और व्रत रखे। रात्रि में नवदुर्गा मंदिर को विशेष रंग-बिरंगी रोशनी के साथ ही फूलों से सजाया गया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम मधुरम संस्था की ओर से काव्य गोष्ठी आयोजित

...लगी हो आग सीने में, किसी बारिश से कम नहीं होती

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : साहित्यिक चेतना को समर्पित मधुरम संस्था के तहत आयोजित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों एवं कवयित्रियों ने रचनाएं प्रस्तुत करके श्रोताओं को भावों से भर दिया।

मधुरम की अध्यक्ष डॉ. मधु चतुर्वेदी के संयोजन में रविवार को हाइवे स्थित होटल में काव्य गोष्ठी हुई। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि हिन्दी अकादमी दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। कवयित्री डॉ. भावना तिवारी ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि कविता समाज का दर्पण है, रचनाकार निरंतर लिखते रहें। काव्य गोष्ठी में बदायूं की कवयित्री सोनरूपा विशाल ने मां के बारे में पढ़ा, शाम सी नम रातों सी भीनी, भोर सी है उजियारी मां। मुझमे बस थोड़ी सी मैं हूं, मुझमें बाकी सारी मां। वरिष्ठ कवयित्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने पढ़ा कि, जीवन खुली किताब है मेरा, पढ़ना तो आसान बहुत है। किन्तु समझ पाओगे क्या तुम, अर्थ अनर्थ लगा मत लेना। प्यार गहन सागर सा मेरा, डूबा तो रसमय कर देगा, उथले रह अमृत के भ्रम में, विष का घूंट चढ़ा मत लेना। नेहा वैद ने पढ़ा कि, हमने तो घर बुलाया आपको, आप तो मकान देखने लगे।

डॉ. भावना तिवारी ने गीत पढ़ा कि, तन यहां पड़ा, मन वहां पड़ा, कैसा सम्बंध हमारा है। तुम हां न कहो, मैं न कहूं, कैसा अनुबंध हमारा है। कवयित्री डॉ. वीणा मित्तल ने पढ़ा कि, लाख कांटे हों चमन में, गुल की आव कम नहीं होती, लगी हो आग सीने में, किसी बारिश से कम नहीं होती। मधुरम के राष्ट्रीय महासचिव चेतन आनंद ने पढ़ा कि, बड़ी ताजा हवाएं हैं, हमेशा साथ में रखना। ये मौसम की अदाएं हैं, हमेशा साथ में रखना। कवि यतेन्द्र कटारिया ने भगवान राम को समर्पित रचना पढ़ते हुए, राम हैं जीवन हमारे, राम प्राणाधार हैं। राम हैं कर्ता विधाता, राम पालनहार हैं।

राम सबके पूज्य हैं, हम राम का पूजन करें, राम ही के ध्यान से हम, शुद्ध अपना मन करें। युवा कवि चेतन रामकिशन देव ने पढ़ा कि कितना बदलोगे, कितना झुठलाओगे, दर्पण से कैसे तस्वीर छुपाओगे। तुमको कुदरत ने बख्शी है नरमाई, फिर तुम कैसे पत्थर दिल बन जाओगे। इस अवसर पर कवि चन्द्रशेखर मार्कण्डेय, लायंस क्लब के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, बाबा जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

गजरौला में काव्य पाठ करते कवि चेतन रामकिशन देव। ● अमृत विचार

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता आज घर से मतदान करेंगे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता आज से घर से मतदान करेंगे। मतदान टीमें घर-घर जाकर डाक मतपत्र के जरिए मतदान कराएंगी। इसके लिए 25 टीमों का गठन कर दिया गया है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि 85 साल से अधिक के मतदाता व 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगों को घर से वोट डालने की सुविधा दी गई है। सोमवार को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों को पांचों विधानसभाओं में रवाना किया जाएगा। 385 बुजुर्ग और 291 दिव्यांग मतदाताओं के घरों पर जाकर मतदान कराया जाएगा। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट वीडियोग्राफर पुलिस बल भी साथ रहेगा। मतदान का यह कार्य दो दिन तक चलेगा। बुजुर्ग और दिव्यांगों से डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। जिले में 85 साल से अधिक उम्र के 9394 मतदाता है जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1280 है। उक्त मतदाताओं में से सिर्फ 385 बुजुर्ग और 291 दिव्यांगों ने ही फॉर्म 12 भरा है। जबकि अन्य ने मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने की बात कह कर फॉर्म भरने से इनकार कर दिया था। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद जो मतदाता मतदान से वंचित रहेंगे उनका मतदान 16 अप्रैल को कराया जाएगा।

मतदाताओं की संख्या

विस क्षेत्र	85 प्लस	दिव्यांग
मंडी धनौरा	69	45
नौगांवा सादात	108	75
अमरोहा	70	75
हसनपुर	108	65
गढ़मुक्तेश्वर	30	31
योग	385	291

सार-संक्षेप

मतदान की शपथ लेतीं इनरव्हील क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

इनर व्हील क्लब ने दिलाई मतदान की शपथ

हसनपुर, अमृत विचार : रविवार को इनरव्हील क्लब हसनपुर के सदस्यों ने युवा पीढ़ी और अन्य लोगों के साथ मतदान की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान सभी सदस्य ने शपथ ली। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नीतिका अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, अरुणा चौधरी, कविता अग्रवाल, प्रियंका गर्ग, सारिका गर्ग, शालिनी अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, सोनिया रस्तोगी, शालिनी अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहीं।

प्रतिमा पर माल्यार्पण कंवर सिंह तंवर व विधायक राजीव तरारा।

बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

अमरोहा, अमृत विचार : रविवार को अमरोहा लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने क्षेत्र का दौरा करते समय धनौरा विधानसभा के गांव चौहड़पुर माफी में आंबेडकर जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। भाजपा प्रत्याशी के साथ धनौरा के विधायक राजीव तरारा सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद विधानसभा अमरोहा के ग्राम तोहफापुर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। कहा कि संविधान हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण किताब है। इस मौके पर कृष्ण कुमार, हरपाल सिंह, काशीराम आदि मौजूद रहे।

हसनपुर में मां कालका मंदिर में दीपक जलातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मंदिर में खिड़की व दरवाजे का कराया निर्माण

हसनपुर, अमृत विचार : रविवार को ग्राम शाहपुर कला स्थित मां कालका मंदिर में पहल-एक नई शुरुआत संस्था की ओर से महिला सदस्यों ने मंदिर में दीपक जलाए तथा माता रानी का गुणगान किया। संस्था द्वारा मंदिर में बंदरों से बचने के लिए लोहे की खिड़की एवं दरवाजों का निर्माण कराया गया। संस्था की सदस्य पारुल अग्रवाल, अनुभा अग्रवाल एवं दीशि अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में सामाजिक कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर पारुल अग्रवाल, अनुभा अग्रवाल, दिशि अग्रवाल, शिविका, रितिका, किरण, नीतू, खुशबू, नुभा एवं नेहा उपस्थित रहीं।

सलेमपुर गौसाईं में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते युवा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई

गजरौला, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर की जयंती पर सलेमपुर गौसाईं, अहरौला तेजवन व नगर की बस्ती आंबेडकर नगर से शोभायात्रा निकाली गईं। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया।इस अवसर पर सलेमपुर गौसाईं में अध्यक्ष सरजीत सिंह नवीन, योगेश कुमार, नितिन कुमार, हितेश कुमार, बंटी कुमार, शिवम कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, डॉ. संजीव कुमार, प्रदीप कुमार, जयमोहन, सचिन कुमार, भानुप्रताप शर्मा आदि मौजूद रहे। अहरौला तेजवन में कार्यक्रम में अध्यक्ष दयाराम सिंह गौतम, पप्पू राम, पिंटू गौतम, आशीष कुमार गौतम, वीर सिंह, बाबूराम आदि मौजूद रहे। वहीं बस्ती में आंबेडकर नगर से शोभायात्रा निकाली गई।

हसनपुर में किताब बांटते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

300 किताबें बांटकर मनाई जयंती

हसनपुर, अमृत विचार : रविदास सेवा समिति खेवान और भीमराव आंबेडकर उद्यान समिति द्वारा मोहल्ला खेवान में सम्यक प्रकाशन से प्रकाशित बाबा साहब जीवनी की 300 किताबों और 1500 मोमबत्तियों का घर-घर वितरण किया। बाबा साहब की विचारधारा को हर घर पहुंचाने के लिए मोहल्ले के लोगों द्वारा मिशन चलाया और घर घर शिक्षा के उजाले की सीख के साथ मोमबत्तियों का वितरण किया। इसके साथ केक काटकर जयंती मनाई। इस मौके पर विजय गौतम, शिवकुमार शिविया, भोला जाटव, गौतम, मनोज कुमार, लता सागर, धर्मवीर जाटव, अरविंद, मुखिया, सरदार जाटव, अंकुर सेठी, बिट्टू कुमार, दीपू सागर, सुशील मिस्त्री, अमित हाली, सचिन प्रकाश, डंपल, एशवीर कुमार, आशाराम, सचिन कुमार, भोला जाटव, पंकज कुमार रहे।

बाबा साहब की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में बाबा साहब का जन्मदिवस मनाते हुए शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने फीता काटकर किया। रविवार को शोभायात्रा कंचन बाजार, बड़ा फाटक, हरदेव बाजार, कटरा, तिकोनिया स्कूल, वाल्मीकि चौराहा होती हुई आंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में डॉ. आंबेडकर की झांकी, मां काली का अखाड़ा, राम दरबार, देश भक्ति झांकी, हनुमान दरबार, मां शेरा वाली आदि की झांकी शामिल थीं। शोभायात्रा का पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल कहा कि कहा कि बाबा साहब के सामाजिक बदलाव के सपने को पूरा करने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद राय, मिंटू निगम, राकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र जाटव लता सागर, सुरेश सिंह, गुरचरण सिंह, प्रशांत आंबेडकर,जितेश कुमार, संतराम सिंह, कमल सिंह, दिलीप सिंह चरन सिंह, नोबहार सिंह, सतीश कुमार, पीतम सिंह सहित रहे।

एक नजर

बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली में नगर पंचायत कार्यालय में डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें नगर पंचायत के चेयरमैन विट्टन मलिक व स्टाफ के लोगों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। साथ ही बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान राजीव कुमार, राजेश, शिवकांत राघव, नाजिम अली, अरविंद कुमार, शिवा, उवेश खान, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

बाबा साहब करते थे भाईचारे की बात

ओबरी अमृत विचार : विकास विकलांग सेवा समिति के कैंप कार्यालय असमोली में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कर नमन किया गया। समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने कहा कि बाबा साहेब हमेशा एकता एवं भाईचारे को कायम रखने की बात करते थे। वह कबीर, ज्योतिबा फुले तथा भगवान बुद्ध को अपना प्रेरणा स्रोत मानते थे। इस दौरान दिनेश कुमार, रामावतार, रवि आदि रहे।

केक काटकर मनाई आंबेडकर जयंती

धनारी अमृत विचार : अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ ने धनारी में बस स्टैंड उधरनपुर अजमतनगर पर डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ के पदाधिकारियों ने डॉ.आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान अध्यक्ष नौबत सिंह, डॉ.लायकराम कुशवाह, डॉ.राधेश्याम, प्रेम सिंह, राजू, रामतीर्थ, रामकिशोर आदि रहे।

बाबा साहब ने लोगों को सम्मान से जीने का दिया हक

संभल अमृत विचार : सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण करके जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबा साहब ने देश का संविधान बनाने का काम किया। हर जाति, धर्म के लोगों को सम्मान से जीने का हक दिया। इस दौरान अकील खां, जबर सिंह यादव, वीरेश यादव, मोनिस कुरैशी आदि रहे।

संभल में शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

चन्दौसी में फीता काट कर शोभायात्रा आरंभ करतीं चेयरमैन। ● अमृत विचार

चन्दौसी में शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास से मनाई संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती

शोभायात्रा में शामिल महापुरुषों की झांकियों ने मोहा लोगों का मन, सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। संभल नगर में बाबा साहब की शोभायात्रा निकली। जिसमें बाबा साहब के अलावा अन्य महापुरुषों की झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

बाबा साहब जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सागर के नेतृत्व में मुहल्ला सोतीपुरा से बाबा साहब की भव्य शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा मुहल्ला हौज भदेसराय, हातिम सराय, होली चौक, छंगामल कोठी के सामने से बाजार गंज, मुहल्ला ठेर, कोतवाली, तहसील रोड होते हुए नगर पालिका परिषद के मैदान में संपन्न हुई। शोभायात्रा में डॉ.भीमराव आंबेडकर के अलावा अन्य महापुरुषों की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। इस दौरान विपिन कुमार, संजय कुमार भारतीय, सागर सिंह, राजेंद्र, अमित, अनिल, अजय सहदेव, माधुरी सागर, दीक्षा, अमित गौतम, सुभाष गौतम, श्यामलाल, जितेंद्र आदि रहे। वहीं सरायतरीन में मुहल्ला शाहजीपुरा से समाज के लोग विभिन्न रास्तों से होते हुए पक्का बाग पर स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर पार्क पर पहुंचे। लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अपने विचार रखे।

बबराला में शोभायात्रा में शामिल झांकियों के संग महिलाएं। ● अमृत विचार

चन्दौसी में शोभा यात्रा में नाचती-गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

बबराला, अमृत विचार : संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कई राजनीतिक दलों एवं संगठनों के लोगों ने बौद्ध विहार में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर में बैंड बाजों, डीजे और झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रविवार को नगर में बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर सुबह नेशनल हाईवे स्थित बौद्ध विहार में भाजपा, सपा, बसपा समेत कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दोपहर में बैंड बाजों, डीजे व झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का उद्घाटन सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने फीता काट कर किया। शोभायात्रा में बाबा साहेब, तिरंगे के साथ आजादी के अमर शहीदों, लोकसभा भवन, कोरेगांव स्तम्भ समेत कई झांकियां व बैंड बाजे के साथ सैकड़ों महिला पुरुष शामिल रहे। शोभायात्रा बौद्ध विहार से इंदिरा चौक होते हुए शाम को बौद्ध विहार पहुंच कर संपन्न हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल और टियर गैस स्क्वायड तैनात रहा। व्यवस्थाओं में देवेंद्र कुमार जौली, चुन्नीलाल बौद्ध, लटूरी प्रसाद, राम अवतार मेंबर, सत्यवीर आनंद, लखीराम, श्योदान सिंह, सुरेश वाल्मीकि, जोसेफ, हरदयाल आदि जुटे रहे।

इंदिरा चौक पर शोभायात्रा में घुसा सांड़

बबराला अमृत विचार : डॉ.आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा में इंदिरा चौक पर सांड़ घुस गया। गनीमत रही कि आतिशबाजी की धूम धड़ाके और डीजे की तेज आवाज से भी सांड़ विचलित नहीं हुआ। शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। योगेश वार्ष्णेय, विजय टीवी, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, कमल शर्मा और काली अखाड़ा समिति ने स्टाल सजा कर शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए नाश्ता, फल, शरबत व शीतल पेयजल की व्यवस्था की।

डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

चन्दौसी, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शहर में बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, सेवानिवृत्त सीडीओ रेवाराम, डीके सिंह, सोमपाल सिंह व अमित प्रजापति व जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष कपिल मोनू ने डॉ. आंबडेकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। समिति के अध्यक्ष की ओर से सम्मानित लोगों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद खुर्जा गेट स्थित आंबडेकर पार्क से शोभायात्रा का आरंभ नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में शामिल भगवान बौद्ध, छत्रपति शिवाजी, झलकारी बाई, सम्राट अशोक स्तंभ की झांकी शामिल थीं। डीजे की धुनों पर युवक नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया गया। महिलाएं नीली पगड़ी पहन कर शोभायात्रा के साथ-साथ चल रही थीं। खुर्जा गेट स्थित आंबेडकर पार्क से आरंभ हुई शोभायात्रा सेमर टोला, कैथल गेट से आजाद रोड होते हुए मालगोदाम रोड स्थित आंबडेकर पार्क पर समारोह में तब्दील हो गई। इस दौरान सोहन लाल, ओमप्रकाश राव, प्रमोद कुमार, सोमपाल सिंह, दाताराम भारती, भगवती प्रसाद, चन्द्रमोहन नीरज, नरेंद्र कुमार, प्रवीन कुमार, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

बैंड बाजे संग निकली बाबा साहब की शोभायात्रा

असमोली, अमृत विचार : असमोली में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बैंड बाजे और डीजे के साथ शोभायात्रा निकली। जिसमें कई झांकियां शामिल रहीं। रविवार को असमोली में बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम हुए। शोभायात्रा का उद्घाटन ग्राम प्रधान डोली ने फीता काटकर किया। वहीं गांव अकबरपुर गहरा में भी शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रधानपति महावीर, पुष्पराज, आनंद, रचित, आदि रहे।

गांव दारनी में फीता काटकर शोभायात्रा आरंभ करते सुमित कुमार सिंह।

आंबडेकर जयंती पर काटा गया केक

कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव दारनी में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें गांव के शिव मंदिर के निकट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने केट काटा व डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ छाबड़ा मंडलाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में डा. आंबेडक, भारत माता, महात्मा ज्योतिबा फूले, राधा कृष्ण, शिव पार्वती आदि की झांकियां शामिल रहीं। इस अवसर पर अंशुमान यादव, विवेक मिश्रा, ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार, हरीश कुमार, रुम सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

सिल्वर स्टोन स्कूल में बाबा साहब को नमन करते बच्चे। ● अमृत विचार

बाबा साहब ने पूरा जीवन गरीबों, शोषितों के उत्थान में लगाया

चन्दौसी, अमृत विचार : सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के बसंत शंकर, आलोक गोयल, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इसके उपरांत स्कूली बच्चों ने भी उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रधानाचार्य कपिल दीप ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का आधुनिक इतिहास में एक महान व प्रतिष्ठित व्यक्तित्व है। वंचितों के लिए उनके कार्य व विचारधारा की जगह कोई और नहीं ले सकता। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, शोषितों के उत्थान में लगाया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार: थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भी संविधान रचियता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

गांव भुलाबई में स्थित पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके जीवन पर प्रकाश डाला। भंडारे का आयोजन भी किया गया।इस दौरान हरिशंकर सागर, छोटेलाल, बदन सिंह, फूल सिंह सागर, फूल सिंह लहरिया, राजवीर सिंह, धर्मेंद्र, राजकुमार, नन्ने आदि ग्रामीण थे। उधर गांव मानकपुर नरौली में बैंड बाजे संग शोभायात्रा निकाली। जिसमें झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं गांव अफजलपुर डरौली में अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ द्वारा मेला ग्राउंड में मेले का आयोजन किया गया। तदोपरांत शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा ने गांव के मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

छात्रों ने बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। छात्रों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक आकाश कुमार ने कहा कि बाबा साहब सर्वसमाज के नेता हैं। उन्होंने सर्वसमाज के हित में कार्य किया तथा संविधान की रचना की। हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विषम परिस्थितयों का सामना करके अपने जीवन को सफल व सार्थक बनाया। इस दौरान अखिलेश श्रीवास्तव, राहुल रॉय, विवेक त्रिपाठी, भुवनेश बघेल, विजय चौधरी, गर्वित पाल, जॉनशन गुप्ता, लक्ष्मण यादव, अंकित कुमार, विशेष पाल आदि मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी।

● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने धूमधाम से मनाई संविधान निर्माता की जयंती

वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव पथरा के डॉ. भीमराव आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में डॉ. आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंधक ममता रानी व संचालक महानंदन गौतम ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। विद्यार्थियों से उनके दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी, नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, शिव गणेश शर्मा, सीमा अग्रवाल, आभा रानी, रिनी अग्रवाल, नेहा चौधरी, प्रवीण कुमार, रानी, आरती, रेशमा, शिवानी, योगेश, गीता, ममता आदि मौजूद रहे।

बहजोई में आंबेडकर जयंती शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वाधान में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।

नगर के बंबा रोड स्थित अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ कार्यालय से बाबा साहब की शोभायात्रा का आरंभ चेयरमैन राजेश शंकर राजू सहित पदाधिकारियों ने फीता काट कर किया। सबसे आगे डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। महात्मा बुद्ध की झांकी ने सभी का मन मोह लिया।

बैंड बाजा की धुनों पर युवा जमकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का स्वागत नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया।

इस दौरान विनोद कुमार, भगवान दास, रमेश चंद, लक्ष्मी बाबू, रामकुमार गौतम, श्री राम, विपिन कुमार, डालचंद, अमित भारती, सभासद दर्शन कुमार, ऋषि वार्ष्णेय, जितेंद्र यादव आदि रहे।

सार-संक्षेप

कटी फसल में पानी जाने के विवाद में मारपीट, चार घायल

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में गेहूं की कटी फसल में पानी पहुंचने की शिकायत करने पर ग्रामीण ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी डंडों से हमला कर दंपती सहित चार लोगों को घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव मिलक सिरसी निवासी अकील अहमद ने रविवार को बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने मक्का फसल की सिंचाई करते समय गेंहू की कटी फसल में पानी भर दिया। फसल में पानी भरने की जानकारी होने पर अकील अहमद व्यक्ति के घर शिकायत करने गया। आरोप है कि शिकायत को सुनकर व्यक्ति आग बबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर व्यक्ति ने अपने बेटों व अन्य परिजनों के साथ मिलकर अकील अहमद को घेर लिया और लाठी डंडों से मारपीट करने लगा। बचाने पहुंचे अकील अहमद की पत्नी तहशीना, बेटे मोहम्मद अजीम व बेटी मेहजबी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। बताया कि मोहम्मद अजीम के व्यक्ति ने पास में जल रही आग में धक्का दे दिया। जिससे मोहम्मद अजीम मामूली रुप से झुलस गया।

मजलिस को खिताब करते मौलाना कल्बे जब्बाद। ● अमृत विचार

अहलेबैत की मुहब्बत मरने के बाद भी देती है सुकून

सिरसी अमृत विचार : सिरसी में इमाम बारगाह मुहल्ला गर्वी में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी इरम सिरसीवी और उनके हमनवां पढ़ी। पेश खानी पड़ी मिर्जा शफीक हुसैन शफक, मीर सादिक और नवाब हसन ने पेशख्वानी पढ़ी। लखनऊ से आए शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि अल्लाह किसी भी सुपर पावर को कमजोर से नेस्तनाबूद करा देता है। अहलेबैत की मुहब्बत जिंदा में तो काम आती ही है। मरने के बाद भी इंसान को सुकून देती है। इस दौरान मोमिन रजा, मौलाना शबाब नकवी, मौलाना फिरोज नकवी आदि रहे।

स्मृति दिवस पर शहीद फायर सर्विस कर्मियों को किया याद

संभल अमृत विचार : जिले के फायर स्टेशनों पर अग्निशमन स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के पर्यवेक्षण एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी केके ओझा के निर्देशन में फायर स्टेशन संभल पर प्रभारी बाबूराम, फायर स्टेशन चंदौसी पर प्रभारी ओम सिंह तथा फायर स्टेशन गुन्नौर पर प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों कर्मचारियों ने स्मृति चिन्ह पर पुष्प अर्पित किए और शहीद फायर सर्विस कर्मियों की याद में दो मिनट का मौन रखा। कहा गया कि 20 अप्रैल तक आग से बचाव और आग से होने वाली जन, धन की हानि रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार ,सामान बरामद

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में मिनी सचिवालय से मार्च माह में चोरी हुए सीपीयू, एलसीडी, बैटरी व सीसीटीवी कैमरा बरामद कर पुलिस ने दो चोरों को गांव मनोटा तिराहे पर यात्री शेड से गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू में स्थित मिनी सचिवालय का 19 मार्च की रात ताला तोड़कर सामान चोरी किया गया था। मिनी सचिवालय में चोरी की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान कमलेश ने अज्ञात चोरों के खिलाफ 20 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को नबाबुल व शमशाद मिनी सचिवालय में चोरी के सामान को प्लास्टिक की बोरी में बंदकर कहीं बेचने जाने के लिए गांव मनोटा तिराहे पर यात्री शेड में खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नबाबुल व शमशाद को हिरासत में लेकर प्लास्टिक की बोरी में बंद सीपीयू, एलसीडी, इन्वर्टर की बैटरी और सीसीटीवी कैमरा बरामद कर लिया।

नगर सुधार कमेटी के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

भाईचारे से ही मिलेगी राष्ट्र की एकता को मजबूती

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: नगर सुधार कमेटी के तत्वाधान में सद्भावना पर्व होली एवं ईद मिलन समारोह में डॉ. तारिक कमर एवं डॉ. मुनव्वर ताबिश द्वारा लिखित पुस्तक सुल्तान मोहम्मद खान कलीम की शख्सियत और फन का इजमाली जाएजा का विमोचन किया गया। इस दौरान समाजसेवा के लिए समर्पित कई लोगों को सम्मानित किया गया।

मिशन इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में समारोह का आरंभ हकीम कारी बुरहान संभली द्वारा तिलावत कलाम ए पाक से एवं परमवीर सिंह द्वारा ओम शांति पाठ का उच्चारण करके किया गया। इस अवसर पर अनस दुर्रानी, नवाब शुजा अनवर ,डॉ. फहीम अहमद, कौसर संभली ,बुरहान संभली द्वारा ईद एवं होली पर आधारित गीत नज्में एवं कविताएं पेश की गईं। सैयद शुजात अली और प्रदीप रस्तोगी ने देश की सलामती ,शांति एवं भाईचारे पर आधारित अपने कलाम प्रस्तुत किये। हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन संभल के अध्यक्ष ताहिर सलामी ने कहा कि हमें राष्ट्रीय एकता के लिए धर्म,संप्रदाय, समाज, विचार एवं रहन-सहन में एकता को बनाए रखना होगा। मुख्य अतिथि शायर डॉ. तारिक कमर ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं दुनिया के तमाम बड़े देशों में घूमने के बाद आज अपने घर पर आयोजित इस विशाल कार्यक्रम का हिस्सा हूं।

● समारोह में पुस्तक सुल्तान मोहम्मद खान कलीम की शख्सियत और फन का इजमाली जायजा का विमोचन किया गया

भाजपा के पक्ष में मतों के लिए जुट जाएं बूथ अध्यक्ष : विजय बहादुर

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के असमोली विधानसभा क्षेत्र बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि हमारे बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुखों के साथ में दिन रात मेहनत करते हैं। बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथ के लाभार्थियों से संपर्क कर पहले से अधिक मत दिलाकर भाजपा को 370 सीट का लक्ष्य पूरा कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें।

एके रिसोर्ट में आयोजित सम्मेलन में विजय बहादुर पाठक ने बूथ अध्यक्षों से कहा कि आप लोगों के परिश्रम से 2014 में उत्तर प्रदेश में 73 लोकसभा की सीट सपा सरकार के शासनकाल में जीती थीं। 2019 में भी सपा-बसपा गठबंधन के बावजूद 65 लोकसभा सीट मिलीं। अब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। इस समय भरोसा नहीं अब की बार मोदी जी की गारंटी है। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू भैया जी व संचालन हरिओम शर्मा ने किया। इस दौरान पंकज गुप्ता,भारत सिंह यादव,कमल सिंह मलिक,ओमप्रकाश गोला, भुवनेश राघव, अशोक यादव,हिरदेस यादव आदि नेता मौजूद रहे।

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते विजय बहादुर पाठक। ● अमृत विचार

● भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा हमारे बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुखों के साथ में दिन रात मेहनत करते हैं

एक नजर

कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी के बाद युवक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक के शव को सुपुर्द खाक कर दिया। थाना क्षेत्र में गांव दतावली मार्ग निवासी 25 वर्षीय युवक का शनिवार की रात परिजनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद युवक अपने कमरे में सोने के लिए गया था। रविवार की सुबह परिजनों ने देखा तो युवक कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने जब तक फंदा खोलकर युवक को नीचे उतारा। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि युवक बाहर रहकर पढ़ाई कर रहा था और कुछ दिन पहले ही घर आया था।

न्यायालय के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बेगम सराय निवासी महेश सैनी न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर तारीख पर नहीं पहुंच रहा था। जिसकी वजह से न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर पुलिस को महेश सैनी को पकड़ने के निर्देश दिए थे। रविवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महेश सैनी को गिरफ्तार कर लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बहजोई, अमृत विचार : शादी का सामान खरीद कर बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा के गांव भवानीपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र महिपाल उम्र 21 वर्ष बहजोई अपनी बाइक पर सवार होकर शादी का सामान खरीदने आया था। वह रात्रि साढ़े नो बजे बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। बहजोई इस्लामनगर मार्ग स्थित गांव मऊ कठेर के निकट उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रविवार को सुबह बिगड़ा मौसम का मिजाज, कई क्षेत्रों में आसमान में छाए काले बादल, हुई हल्की बारिश

बूंदाबांदी से किसान चिंतित, गेहूं की फसल को क्षति की आशंका

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अचानक मौसम का मिजाज बदला तो लोगों को राहत मिली लेकिन बूंदाबांदी होने से किसानों की धड़कनें बढ़ गईं। खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल को लेकर किसान चिंतित होने लगे। तमाम किसानों ने आनन फानन में भूसे को समेटने का काम शुरू कर दिया और मौसम साफ होने की प्रार्थना करने लगे। हालांकि कुछ घंटों बाद धूप खिली तो किसानों ने राहत महसूस की।

पिछले कई दिनों से तेज धूप के बीच गर्मी बढ़ने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, वहीं किसान खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल को काटने में जुटे थे। कई खेतों में गेहूं की फसल को काटने के बाद थ्रेसर से गेहूं की निकासी भी शुरू हो गई थी।

इस बीच रविवार को सुबह अचानक मौसम बिगड़ गया। आसमान में काले बादल छाने के बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। संभल शहरी क्षेत्र में हल्की बारिश हुई तो सिरसी, सौंधन, असमोली, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, रजपुरा, जुनावई आदि क्षेत्रों में बूंदाबांदी होने लगी।

इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। आनन फानन में किसान खेतों पर पहुंचे और भूसे को समेटने का काम शुरू कर दिया। किसानों का मानना रहा कि अगर तेज बारिश हुई तो गेहूं की कटी पड़ी और खड़ी फसल को भी नुकसान होगा। वहीं हल्की बारिश से लोगों ने गर्मी में राहत महसूस की।

असमोली के गांव में गेहूं के भूसे को ढकता किसान। ● अमृत विचार

- **खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल बनी चिंता का कारण**
- **बूंदाबांदी होने से गर्मी से भी मिली निजात, खिले लोगों के चेहरे**

किसानों ने आनन फानन में समेटा भूसा

संभल/ओबरी अमृत विचार : असमोली क्षेत्र में रविवार को सुबह अचानक आसमान में बादल छाने के बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। गांव ओबरी, मनोटा, शहबाजपुर कला, मंसूरपुर माफी, मुबारकपुर बंद, मढ़न आदि के खेतों में गेहूं फसल कटने के बाद ढेर लगा दिए गए थे। हल्की बारिश होने पर फसल भीगने लगी तो किसानों में चिंतित होने लगे। हालांकि कुछ समय के बाद बारिश रुक गई। कई किसानों का कहना रहा कि इतनी बारिश से गेहूं फसल को खास नुकसान नहीं है।

ट्रैक्टर-ट्राली हटाने को लेकर मारपीट व पथराव में 7 घायल

दूसरे पक्ष के यहां आने वाले थे मेहमान, इसलिए ट्राली हटाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में सड़क पर खड़े भूसा लदी ट्रैक्टर को हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसके बाद पथराव शुरू हो गया। जिसमें एक महिला सहित सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे।

गांव जनेटा में फरहाज पुत्र मशरूर की बहन को देखने के लिए मेहमान आ रहे थे। घर में मेहमानों को लेकर तैयारी चल रही थी। तभी मोहल्ले के वसीम पुत्र नजीर पठान का भाई भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पहुंचा और मोहल्ले की सड़क पर खड़ी कर दी। तभी फरहाज ने ट्रैक्टर हटाने की बात कही। तभी दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर आ गए और आपस में मारपीट करने लगे। इसके बाद पथराव शुरू हो गया। जिससे मोहल्ले में भगदड़ मच गई और लोग जान बचाने को इधर-उधर भागने लगे। मारपीट व पथराव की घटना में एक पक्ष से फरहाज, मंसूर व मशरूर पुत्र भूरे खां, अफसाना पत्नी मशकूर, अब्दुल हई पुत्र गट्टू व दूसरे पक्ष से वसीम घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर मारपीट व पथराव करने का आरोप लगाया। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में भर्ती कराया है।

चन्दौसी की सीएचसी में मारपीट में घायलों का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसका पति उस पर बेवजह शक करता है और आए दिन मारपीट करता रहता है। आरोप है कि रविवार को पति ने महिला को कमरे में बंद करके पीटा। इसके बाद महिला की झूठी गवाही का वीडियो बनाकर लिया। महिला ने आरोपी पति के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

सिरसी में पत्रकार वार्ता करते शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी(बीच में)।

शैक्षिक संस्थाओं के लिए मुफ्त जमीन देगा वक्फ बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

- **जब से भाजपा की सरकार बनी है, अल्पसंख्यकों के लिए बेहतर काम हो रहा है : अली जैदी**

अमृत विचार : सिरसी नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास के आवास पर हुई प्रेसवार्ता में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि यूपी में जहां भी शिया वक्फ बोर्ड की जमीन पड़ी हुई है, वहां पर किसी भी तरह की शिक्षा से जुड़ी संस्था, आईटीआई, मदरसा कॉलेज बनाया जा सकता है। जिसके लिए शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड निःशुल्क जमीन देगा।

चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, तभी से अल्पसंख्यकों के लिए बेहतर काम हो रहा है। किसी भी तरह का कोई दंगा नहीं हुआ है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरगाह आलिया नजफे हिंद जोगीपुरा पर सालाना मजलिसों का सिलसिला इस बार 23 मई से शुरू किया जा रहा है। दरगाह पर आने वाले जायरीनों के लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम किया जाएगा। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास, अता अब्बास, समर अब्बास, हबीब रजा, दानिश गदीरी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

पत्रिका का विमोचन करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अन्य। ● अमृत विचार

वार्षिक पत्रिका श्री देवी गंगा तिथि पत्र का विमोचन

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री देवी गंगा मंदिर की वार्षिक पत्रिका श्री देवी गंगा तिथि पत्र का विमोचन मंदिर प्रांगण में समारोह पूर्वक किया गया। पत्रिका के संपादक पंडित भूदेव शंखधार ने बताया कि यह पत्रिका प्रत्येक सनातनी हिंदू परिवार के लिए अत्यंत उपयोगी पत्रिका है। इसमें सनातन हिंदू धर्म के नव संवत्सर के व्रत उत्सव एवं त्यौहार और तिथियों का संकलन किया गया है। पत्रिका की व्यवस्था में अखिलेश कुमार खिलाड़ी का विशेष योगदान रहा। पत्रिका का संयोजन पंडित मनोज शर्मा ने किया। विमोचन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय रहीं। विमोचन कार्यक्रम के समापन पर माता रानी की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में ममता वार्ष्णेय, मोहिनी, प्रवेश शर्मा, व्रजबाला, रचना, बीना, ऋतु, रुचिका, सरिता, सुनीता, अलका, हिमांशु वार्ष्णेय, वर्ण वार्ष्णेय, डीपी प्रधान, सचिन, मुकुल, विशाल, आदि उपस्थित रहे।

3060 रोगियों का हुआ निःशुल्क उपचार

संभल, अमृत विचार : जनपद में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3060 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। वहीं 154 लोगों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 47 डॉक्टरों और 122 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1228 पुरुषों, 1053 महिलाओं और 779 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। 106 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई तो सभी नेगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 154 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा ने निरीक्षण किया।

एक सप्ताह बाद भी बैंक में चोरी का खुलासा नहीं

संभल, अमृत विचार : देहपा गांव में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में लाखों रुपये चोरी के मामले में एक सप्ताह बाद भी नखासा पुलिस बदमाशों का सुराग भी नहीं लगा पाई है। पिछले रविवार को बैंक की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे नकाबपोश बदमाशों ने स्टांग रुम की दीवार काटकर अलमारी से चार लाख रुपये से अधिक की नकदी चोरी कर फरार हो गए थे। नखासा थाना क्षेत्र के गांव देहपा में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में पिछले रविवार की रात 11 बजे नकाबपोश बदमाश खिड़की तोड़कर बैंक के अंदर घुस गए थे। बदमाशों ने स्ट्रांग रुम की दीवार में नकब लगाकर अंदर रखी अलमारी से चार लाख सात हजार रुपये की नकदी व केश बॉक्स लेकर फरार हो गए थे, लेकिन एक सप्ताह गुजरने के बाद भी नखासा पुलिस बदमाशों को पकड़ना तो दूर यह भी पता नहीं लगा पाई कि वारदात को अंजाम देने वाले कौन थे। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि बैंक में चोरी के मामले में डेढ़ दर्जन से अधिक संदिग्धों लोगों से पूछताछ की गई है। जल्द से जल्द बदमाशों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

चन्दौसी के रामबाग धाम पर भजन संध्या में भजन गाते कलाकार। ● अमृत विचार

भजन संध्या में माता रानी का किया गुणगान

चन्दौसी, अमृत विचार : वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से भजन संध्या का आयोजन रामबाग धाम पर किया गया। जिसमें कपिल दीवाना एवं पार्टी बहजोई ने भजन प्रस्तुत कर माता रानी का गुणगान किया। जिसमें कपिल ने मैया का चोला है रंगला, हर्षित वार्ष्णेय ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी आदि भजन प्रस्तुत किए। साथ ही समिति की महिलाओं ने भजन गाए। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, पूजा किशोर, रीना चौधरी, अंकित वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, डॉ. सुधा चौधरी, डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय, उषा वार्ष्णेय, मोनिका गुप्ता, अर्पिता वार्ष्णेय, सीमा वार्ष्णेय, प्रियांशी चौधरी, खुशी वार्ष्णेय, चांदनी वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

मां कात्यायनी की कथा सुन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली में देवी कथा के पांचवें दिन कथा वाचक सुमित शुगम ने राजा परीक्षित के पुत्र जन्मजय की कथा का वर्णन किया। कहा कि राजा परीक्षित जैसा संसार में कोई नहीं। बीच-बीच में भजन भी हुए। भजनों को सुन कर भक्तजन झूम उठे। कथा वाचक ने मां दुर्गा के षष्ठम स्वरुप मां कात्यायनी की विस्तार से कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और माता के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।

मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में छठे दिन भक्तों ने मंदिरों में मां दुर्गा के स्वरूप कात्यायनी की पूजा अर्चना करके आशीर्वाद मांगा। माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

चैत्र नवरात्र में रविवार को सुबह से ही भक्तों ने देवी मंदिरों में पहुंचना शुरू कर दिया था। चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में सुबह पांच बजे ही भक्तों की कतारें लग गईं। भक्तों ने बारी-बारी से मां दुर्गा के स्वरूप कात्यायनी की पूजा अर्चना करते हुए मनौती मांगी। इसी तरह चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में भी श्रद्धालु ने पूजा अर्चना की। अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना करने के लिए भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के सिरसी, सौंधन, कैला देवी, असमोली, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां के मंदिरों में भी कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। शाम को लोगों ने महाआरती में हिस्सा लिया।

सौंधन में शोभायात्रा में शामिल देवी मां की झांकी। ● अमृत विचार

सौंधन में शोभायात्रा में भगवान शंकर व उनके गणों की झांकी। ● अमृत विचार

मां भगवती की शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

संभल/सौंधन, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के छठे दिन रविवार को सौंधन मोहम्मदपुर में मां चामुंडा सेवा समिति के तत्वावधान में मां भगवती की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यात्रा का आरंभ मां चामुंडा मंदिर से हुआ। शोभायात्रा मुहल्ला चौक, किला बेंगरे, कठा, अंबेडकर नगर, सेठों वाली गली, सदर बाजार, मेन बाजार, मुहल्ला बरसाने होती हुई मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में शामिल मां स्कंदमाता, मां दुर्गा, शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण, हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शंकर-पार्वती और राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने डीजे पर गूंज रहे भजनों पर नृत्य किया। इस दौरान महेंद्र कुमार शर्मा, विजय बंसल, सतीश यादव, प्रेम सिंह यादव, पवन कुमार, राकेश यादव, राजाराम यादव, हरीश अग्रवाल, बिट्टू सिंघल आदि रहे।

चामुंडा मंदिर में देवी के दर्शन व पूजन को उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

नवरात्र के छठे दिन देवी भक्तों ने पूजा कर उपवास रखा

चन्दौसी, अमृत विचार: चैत्र नवरात्र के छठे दिन रविवार को देवी भक्तों ने मां दुर्गा के षष्ठम स्वरुप मां कात्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। उपवास भी रखा।

दोपहर में गली मोहल्लों के मंदिरों में महिलाओं ने ढोलक व मजीरे के साथ भजन कीर्तन किया। शाम को नगर के प्रमुख देवी मंदिर रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धि दात्री नवदुर्गा मंदिर, सीता आश्रम स्थित श्री शीतला माता नवदुर्गा मंदिर (बगिया वाली देवी), मौलागढ़ स्थित श्री कंकाली देवी मंदिर पर माता के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शाम सात बजे महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। देर रात तक देवी मंदिर मार्गों पर श्रद्धालुओं की काफी चहल पहल बनी रही।

नफरत मिटाने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करना जरूरी: अविनाश पांडेय

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: इंडी गठबंधन की समन्वय बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कांग्रेस, सपा व अन्य घटक दल पार्टियों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश से नफरत को मिटाने व देश के संविधान को बचाने के लिए सभी मिलकर भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए जुटें।

भूरे शाह रोड पर आयोजित बैठक में अविनाश पांडेय ने कहा कि देश में हर तरफ भ्रष्टाचार है, बेरोजगारी है, जनता के पास रोजगार नहीं है। झूठे वादों, महंगाई और बेरोजगारी ने मोदी मंत्र को ध्वस्त कर दिया। सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि हम सबको मिलकर संविधान को बचाना है। बाबा भीमराव अंबेडकर की जो कुर्बानी है हम उसको नहीं भूल सकते। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, विदित चौधरी प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज, रेहान पाशा, जिला अध्यक्ष कांग्रेस विजय शर्मा, जिला अध्यक्ष सपा असगर अली अंसारी, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, शहजाद खां, सपा जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार आदि मौजूद रहे।

इंडी गठबंधन की समन्वय बैठक में बोलते अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार

- **इंडी गठबंधन की समन्वय बैठक में जुटे सपा, कांग्रेस व आप कार्यकर्ता**
- **महंगाई और बेरोजगारी ने मोदी मंत्र को ध्वस्त कर दिया है**

चालक को झपकी आने पर पेड़ से टकराया ट्रक

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर चालक को नींद की झपकी आने से ट्रक सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगने की वजह से पेड़ भी जमीन पर धराशायी हो गया।

अलीगढ़ निवासी चालक शशी शनिवार को राजस्थान के अलवर जिले से ट्रक में पत्थर लादकर संभल के लिए चला था। रविवार की तड़के शशी ट्रक लेकर जैसे ही हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर गांव मोतीनगर के पास पहुंचा। नींद की झपकी लगने से शशी का ट्रक से नियंत्रण हट गया और ट्रक बेकाबू होकर घर के पास सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पेड़ भी टूटकर जमीन पर गिर गया। टक्कर लगने की वजह से ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज को सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकठ्ठा हो गए। गनीमत रही कि चालक शशी को चोट नहीं आई।

12,000 अपराधियों पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क है। पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण करने के साथ-साथ लोगों से संवाद किया। पुलिस ने 12,000 से अधिक अपराधियों को चिन्हित किया है। जिन पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर जैसे 12,000 से अधिक अपराधियों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ जिला बदर हुए अपराधियों के गांव और घर पर जाकर ग्रामीणों को बताया गया है। अपराधी आगामी छह माह तक जिले में कहीं दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। उन्होंने कहा कि अपराधी लोकसभा चुनाव में खलल डाल सकते हैं। एसपी कुंवरअनुपम सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को कुशल शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए हैं। रविवार को पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और भय मुक्त कराने के लिए तैयारियों पर चर्चा की। इसमें अवैध शस्त्रों की बरामद करने अवैध शराब और मादक पदार्थ को बरामद करना, वांछित अपराधी की गिरफ्तारी, गैंगस्टर माफिया कुर्की की कार्रवाई और लाइसेंसी शास्त्रों को जमा करने आदि की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी मतदान केंद्रों पर लगाए गए कैमरों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए।

पुलिस ने पांच अभियुक्तों की खोली हिस्ट्रीशीट

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस ने अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली है। रविवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए जिले के पांच अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की है। इन सभी अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है।

पुलिस ने 235 अपराधियों पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए अभियान में अमरोहा नगर पुलिस ने 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह से नौगांवा सादात में 21, मंडी धनौरा में 27 बछरायूं में 10, गजरौला में 22, हसनपुर में 78, आदमपुर में 60 और रजबपुर ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर चालान किया है।

पतंग लूटने में ट्रेन से कट कर दो बच्चों की मौत

बरेली/सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र में महेशपुर गांव के पास रविवार शाम पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जीआरपी और थाना पुलिस ने बच्चों के शवों को रेलवे ट्रैक से हटाया। बच्चों की पहचान गांव मिलक महमूदपुर निवासी फैज (12) और महेशपुर निवासी साजिद (8) के रूप में हुई है।

बाकरगंज और महेशपुर गांव के बीच में बच्चे रेलवे लाइन के पास पतंगबाजी करते हैं। वहां पर रविवार शाम 7 बजे कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे। इस दौरान एक पतंग कट गई। पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चे रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। इसी दौरान अप लाइन पर ट्रेन आ गई और उससे कटकर दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने सीबीगंज स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी और सीबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान अप लाइन पर आ रही एक मालगाड़ी को बाकरगंज के पास रोक दिया गया।

एक नजर

गश्त के दौरान आरोपी से चाकू बरामद, जेल भेजा

नजीबाबाद, अमृत विचार : थाना पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान मोहल्ला वाहिदनगर स्थित कासमिया इंटर कॉलेज की गली से सोनूपाल पुत्र मामराज निवासी गांव आदमपुर थाना कोतवाली शहर बिजनौर को संदिग्ध अवस्था में घूमते गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक चाकू बरामद किया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सौरभ सिंह व हेड कांस्टेबल नेत्रपाल राठी आदि शामिल रहे।

पति पर जान से मारने की कोशिश का आरोप

किरतपुर, अमृत विचार : रविवार शाम को गुलाब शाह पुत्री नसीम निवासी ग्राम चिड़ियापुर चांडक ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका पति मुकर्रम पुत्र अकरम निवासी ग्राम मुफ्ती किठोडा ने उसे शनिवार रात जान से मारने की कोशिश की। इस दौरान वह भाग निकली और पिता नसीम निवासी ग्राम चिड़ियापुर चांडक के घर आ गई। गुलाबशाह ने थाना प्रभारी को नामजद पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोबाइल खोया तो पुलिस को लूट की सूचना दी

गजरौला, अमृत विचार : बिजौरा गांव निवासी रिफाकत रविवार को बिजौरा ढाल पर किसी काम से गए थे। वहां उनका मोबाइल गुम हो गया। इसी दौरान बृजघाट चौकी पुलिस को बाइक सवार बदमाशों द्वारा बिजौरा ढाल पर ग्रामीण से 25 हजार रुपये लूटने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो मामला मोबाइल गुम होने का निकला। चौकी इंचार्ज नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि मोबाइल गुम होने का मामला था। जिसकी तहरीर मिली है।

दो वारंटी घर से गिरफ्तार

नजीबाबाद, अमृत विचार : थाना पुलिस के अनुसार फैजनगर कॉलोनी निवासी मोहम्मद जावेद पुत्र अफसर तथा रामगोपाल पुत्र गोपी निवासी गांव अकबरपुर चौगावा दोनों फरार चल रहे थे। दोनों के खिलाफ अदालत की ओर से कई बार वारंट जारी किए जा चुके थे। लेकिन दोनों आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुए। शनिवार रात्र को थाना पुलिस ने उनके घर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस ने दोनों को न्यायालय के सामने पेश किया।

शोभायात्रा की झांकियों ने मन मोहा

बाबा साहब की जयंती पर विभिन्न संगठनों ने किए कार्यक्रम

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : बूंदाबांदी के बीच बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकालकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में मोहल्ला चौधाराना के मंदिर से हवन पूजन के बाद दोपहर 11 बजे शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य मार्गों, तहसील रोड, गांधी मूर्ति तिराहे से होती हुई तीन बजे करीब स्टेशन रोड पर मुंसफी के निकट आंबेडकर पार्क में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा में डॉ. आंबेडकर, संत रविदास, महात्मा बुद्ध सहित एक दर्जन से आकर्षक व मनोहारी झांकियां, बैंड बाजे व अखाड़े शामिल रहे। शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों युवा नीले झंडे लिए नारे लगाते हुए डीजे की धुन पर नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कर रहे थे। शोभायात्रा में विधायक मनोज पारस, पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष नीरज विश्नोई, धर्मेंद्र पारस, रामदयाल सिंह, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, रामगोपाल, मास्टर धर्मवीर सिंह, रोहित रवि, चंद्रपाल सिंह, सिराज खलील आदि शामिल रहे। शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ व थाना प्रभारी सुनील कुमार पुलिस बल के साथ शोभायात्रा के साथ रहे।

नगीना में शोभायात्रा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की झांकी। ● अमृत विचार

बाबा साहब की जयंती मनाई

नहटौर, अमृत विचार : बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की जयंती पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे। गांव साकताबाद से शोभायात्रा का आरंभ किया गया। शोभायात्रा धामपुर रोड पर ईदगाह तिराहा, जोशियान, पीर की चुंगी, हल्दौर चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, कोतवाली देहात मार्ग से होते हुए गांव साकताबाद में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में झांकियां शामिल रहीं व युवक अखाड़ों में करतब दिखाते हुए चल रहे थे।

डॉ. आंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान

किरतपुर, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर जयंती पर राष्ट्रीय पत्रकार संगठन की ओर से कार्यक्रम हुआ। इसमें बाबा साहब के जीवन चरित्र के बारे में बताकर उससे प्रेरित होने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय पत्रकार संगठन की ओर से संगठन के नगर अध्यक्ष मनोज कुमार के निजी संस्थान खेड़ी भोजपुर पर बाबा साहब का जन्म उत्सव केक काटकर मनाया। अध्यक्षता साधना रस्तोगी ने व संचालन नगर अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. खिजर जावेद खान ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। पवन कुमार राजपूत ने बताया कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा। मनोज कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो की बात कही। दिव्यम अरोड़ा, आकिल अली, राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजपाल सिंह, भीष्म सिंह, प्रेमवती देवी, आकांक्षा चौधरी रहे।

गुरुद्वारे से लौट रही किशोरी की हादसे में मौत

नूरपुर, अमृत विचार : गुरुद्वारे में मत्था टेककर घर लौट रही किशोरी को सड़क पार करते समय वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

शनिवार रात मोहल्ला रामनगर निवासी सतवीर सिंह बंटी की 14 वर्षीय पुत्री मनप्रीत कौर मोहल्ले के गुरुद्वारे में मत्था टेककर घर लौट रही थी। जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेज गति से आई पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें मनप्रीत गंभीर रूप से घायल हो गई।

राहगीरों ने उसे तुरंत निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटी की मौत से परिजनों का बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। वाहन को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

अमित विश्नोई का स्वागत करते नगरवासी। ● अमृत विचार

बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर लौटने पर स्वागत

नगीना, अमृत विचार : 1700 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर डेढ़ माह बाद घर लौटे खाटू श्याम के भक्त का लोगों ने स्वागत किया। नगर के मोहल्ला विश्नोई सराय निवासी स्व. तेज विश्नोई के पुत्र 42 वर्षीय अमित विश्नोई उर्फ लाला बाबा खाटू श्याम के दर्शन हेतु जागेश्वर धाम और जागेश्वर धाम से खाटू श्याम (राजस्थान) की 1700 किलोमीटर की पैदल यात्रा के लिए गत माह नौ मार्च को नगीना से रवाना हुए थे। बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर डेढ़ माह बाद रविवार सुबह 10 बजे करीब नगीना पहुंचने पर अमित विश्नोई का भाजपा नेता रोशनलाल, नीरज विश्नोई, राजू विश्नोई ब्रेड वाले, सभासद हर्ष विश्नोई, मोनू गुप्ता, कपिल सैनी, अतुल विश्नोई व हर्ष विश्नोई आदि ने स्वागत किया।

मरियम हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

किरतपुर, अमृत विचार : मरियम हायर सेकंड्री स्कूल का कक्षा नर्सरी से नौंवी तक का परीक्षाफल घोषित किया गया। स्कूल प्रबंधक मरियम साइम व कमेटी अध्यक्ष साइम राजा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद साईम राजा व मैनेजर मरियम साइम ने कहा कि हमारा मकसद बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना है और उनको अच्छे मुकाम तक ले जाना है। अंत में स्कूल मैनेजमेंट ने अध्यापकों व अध्यापिकाओं की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में फिरदौस जहां व कारी मोहम्मद मेहरबान, जकिया परवीन, रूपेश त्यागी, रियाज अहमद, अनम परवीन, अमरीन, माहिनूर को सम्मानित किया।

त्योहारों से होता है अपनत्व का अहसास

नहटौर, अमृत विचार : मेहंदी विला में निशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर जांच का शिविर लगाकर ईद मिलन समारोह आयोजित किया। मोहल्ला पोगजान स्थित मेहंदी विला में आयोजित ईद मिलन में पहुंचे लोगों का स्वागत किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं। हम जब एक दूसरे से मिलते हैं तो अपनत्व का एहसास होता है। चरण सिंह शर्मा, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य बबीता रानी, गुलाम साबिर सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन मकसूद अहमद, अंकुर जैन, मुशब्बिर हुसैन, रिजवान अहमद आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सैय्यद बिलाल जैदी, दिलशाद अहमद, मौहम्मद शारिक, महबूब अख्तर, जावेद, तारिक हुसैन, मुल्ला यूसुफ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या बबीता रानी ने तथा संचालन हाफिज इताअत ने किया।

व्यापारियों ने एसडीएम से की खाद्य निरीक्षक की शिकायत

बिजनौर, अमृत विचार : खाद्य निरीक्षक द्वारा सुविधा शुल्क का दबाव बनाने से नाराज व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मामला नगर के सदर बाजार का है। आरोप है कि शनिवार शाम को अग्रवाल फूड कॉरपोरेशन की दुकान पर पहुंचे खाद्य निरीक्षक रामवीर सिंह ने फूड लाइसेंस में कमी बताते हुए सुविधा शुल्क की मांग की। दुकान मालिक साहिल अग्रवाल का कहना है कि पहले भी खाद्य निरीक्षक ने लाइसेंस में कमी बताते हुए दबाव बनाया था। अब फिर शनिवार शाम खाद्य निरीक्षक ने दुकान पर पहुंच लाइसेंस में कमी होने की बात कहते हुए दबाव बनाया। इसके बाद व्यापारियों ने जिलाधिकारी से खाद्य निरीक्षक के विरुद्ध शिकायत की है। एसडीएम सदर ने बताया कि व्यापारी उनसे मिले थे। मामले में जिलाधिकारी ने जांच समिति गठित की है।

चौराहे पर पलटा गेहूं से भरा ट्रक, दुकान क्षतिग्रस्त

हसनपुर, अमृत विचार : गजरौला मार्ग स्थित ब्लॉक चौराहे पर बिजली घर के सामने रविवार सुबह गेहूं से भरा ट्रक गोवंश को बचाने की कोशिश में पलट गया। ट्रक पलटने से एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इससे ट्रक में भरा गेहूं सड़क पर बिखर गया। बताया जा रहा है यह ट्रक बिहार से गेहूं भरकर पंजाब को जा रहा था। ट्रक पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। रविवार शाम तक ट्रक चौराहे पर ही पलटा रहा।

कोर्ट के आदेश पर सिपाही सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : थाना रजबपुर निवासी किसान तफसीर की पत्नी शमा ने डिडौली में तैनात कांस्टेबल अंकित मलिक व 3-4 अज्ञात सिपाहियों पर डरा धमकाकर दो लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अंकित मलिक व तीन-चार अज्ञात पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है। थाना रजबपुर क्षेत्र की निवासी शमा ने आरोप लगाया कि डेढ़ वर्ष पूर्व डिडौली थाने में तैनात कांस्टेबल शमी ने उसके पति से 50 हजार की मांग की थी। पैसे न देने पर कांस्टेबल उसके पति को चोरी के झूठे मामले में जेल भिजवा दिया था। जमानत के बाद वह घर आ गया था। आरोप है कि 17 दिसंबर 2023 को सुबह 10 बजे डिडौली थाने में तैनात कांस्टेबल अंकित मलिक तीन-चार पुलिस कर्मियों को साथ लेकर उसके घर में घुस गया और दो लाख रुपये की मांग करने लगा। यह घटना उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसकी शिकायत उसने अतारासी चौकी इंचार्ज राकेश शर्मा से की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सात जनवरी 2024 को उसका पति गांव सिहाली जागीर में था। तभी कांस्टेबल अंकित मालिक तीन-चार साथियों के साथ पति को पकड़ कर डिडौली थाने ले आया। उसने रिश्तेदारों से 1,88,000 रुपये उधार लेकर अंकित मलिक को देकर पति को थाने से घर लाई। जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय से गुहार लगाई है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कांस्टेबल अंकित मलिक व 3 -4 अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपार्ट दर्ज कर ली है।

व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं : अशोक

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की ओर से व्यापारियों की बैठक में व्यापारियों के हित के लिए संगठन को मजबूत बनाने और संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया।

रविवार को नगर के गोलघर स्थित एक रिसोर्ट में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल का व्यापारियों ने स्वागत किया। बैठक में अशोक गोयल ने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन हर छोटे बड़े व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज सबसे अधिक टैक्स देता है एवं सर्वाधिक सामाजिक कार्य व्यापारी समाज द्वारा किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार में हर व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने व्यापारियों से ऐसी सरकार को वोट देने की बातें कही जो व्यापारियों के हित में कार्य करें। इस अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष गितेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग, सौरभ सैनी, चिंतामणि अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, अनु रस्तोगी, नवनीत वर्मा, बिजेंद्र सैनी, अशरफ अली, शाहरुख खान, मधुसूदन गोयल, रोहित चौधरी, अमित कुमार, अंकुश गुप्ता, राहुल अग्रवाल व शिवराज सिंह चौहान सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

शॉर्ट सर्किट से आरा मशीन में लगी आग, नुकसान

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : थाना सैदनगली क्षेत्र में शनिवार रात आरा मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से लकड़ी समेत लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

बता दें कि थाना सैदनगली निवासी रईस अहमद पुत्र शमीम अहमद की सकतपुर रोड पर आरा मशीन है। शनिवार रात वह आरा मशीन पर कार्य कर रहे थे। इस दौरान अचानक शार्ट सर्किट से आरा मशीन पर आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर आरा मशीन पर रखा अल्टीनेटर, मोटर, इंजन तथा कीमती लकड़ी समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें उठती देख इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित के बेटे बिलाल ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से अचानक आरा मशीन में आग लग गई। जिससे सामान समेत करीब चार लाख रुपये की लकड़ी राख हो गई है।

आग से जली लकड़ी और सामान।

बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

गजरौला, अमृत विचार : नगलिया मेव गांव निवासी कुलंत 11 अप्रैल को कार लेकर अपने भाई के साथ किसी काम से अड्डे पर जा रहा था। वहां गंगापुरी गांव निवासी जीवांश बाइक लेकर अन्य साथियों के साथ बीच सड़क पर खड़ा था। मामले में कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आरोप है कि जीवांश ने अपनी बाइक नहीं बचाई। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें जीवांश ने साथियों के साथ मिलकर कार सवार दोनों भाइयों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने गंगापुरी गांव निवासी जीवांश, अमित, अरविंद, शिवम, सूरज, शिवम गुर्जर, गजराज व 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

कार की टक्कर से टूटा बिजली का खंभा, दो लोग झुलसे

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर की कॉलोनी में कार की टक्कर से बिजली का खंभा टूटकर एचटी लाइन पर गिर गया, जिससे बिजली के तार टूट गए। तार टूटने से सड़क पर आग लग गई। इसकी चपेट में आकर दो लोग घायल हो गए। कार को मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। सूचना पर पुलिस व विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

शनिवार रात 11:30 बजे नगर के बाइपास मार्ग स्थित ग्रीन सिटी कॉलोनी में वैगन कार ने एलटी लाइन के खंभे को टक्कर मारकर तोड़ दिया। यह खंभा एचटी विद्युत लाइन पर गिर गया। जिससे बिजली के तार टूट कर सड़क पर गिर गए। सड़क पर तार गिरने से आग लग गई और लोगों में भगदड़ मच गई। तार टूटकर गिरने के कारण दो राहगीर घायल हो गए। जिन्होंने अपना उपचार निजी चिकित्सक के यहां कराया।

हादसे के बाद कार चालक व सवार कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। मोहल्ले वासियों की सूचना पर पुलिस एवं विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। विद्युत विभाग के टीजीटू रवीश त्यागी ने बताया कि कार की टक्कर से विद्युत पोल टूटकर उच्च शक्ति लाइन पर गिर गया था। जिसके कारण तार टूट गया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया विद्युत पोल एवं तार टूटने की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है, जांच की जा रही है।

हादसा

- कार को मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया

मिलक में आंबेडकर शोभायात्रा रोकने पर हंगामा, सांसद का घेराव

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : आंबेडकर जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा रोके जाने पर दलित समाज भड़क गया। पुलिस ने डीजे को कब्जे में लिया तो नाराज लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। बिना अनुमति शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नाराज लोगों ने नगर के आंबेडकर चौराहे पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए। शोभायात्रा नहीं निकालने देने से गुस्साए लोगों ने सांसद घनश्याम सिंह लोधी का घेराव किया और शोभायात्रा निकलवाने की मांग की। सांसद ने मिलक थाने पहुंचकर अधिकारियों से शोभायात्रा निकलवाने को कहा। अधिकारियों और पुलिस ने बिना डीजे के शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी लेकिन नाराज लोग बिना शोभायात्रा निकाले ही अपने घरों को चले गए। क्षेत्र वासी प्रत्येक वर्ष नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाते हैं। नवदिया गांव से नगर के आंबेडकर पार्क तक शोभायात्रा निकाली जाती है। डीजे की धुन पर लोग नाचते-गाते आंबेडकर पार्क पहुंचते हैं। इस वर्ष नवदिया निवासी पुष्पेंद्र ने गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम व शोभायात्रा की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। दस दिन तक पुलिस अनुमति देने को लेकर टाल मटोल करती रही। प्रशासन ने शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुमति दे दी। शोभायात्रा का अनुमति पत्र गायब हो गया। रविवार को लोग शोभायात्रा की तैयारी कर रहे थे। सुबह दस बजे कोतवाल धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ नवदिया गांव पहुंच गए। पुलिस ने सजी झांकी को उजाड़ दिया। डीजे वाहन को जब्त कर रठौंडा चौकी भेज दिया। मौजूद लोगों को हिरासत में ले लिया। इसकी जानकारी मिलने पर गांव और आसपास के लोग भड़क गए। सभी एकत्रित होकर नगर के आंबेडकर पार्क पहुंच गए। पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शोभायात्रा निकालने की जिद पर अड़ गए। इस दौरान कई बार हंगामा हुआ। शोभायात्रा की अनुमति न मिलने पर नाराज लोग नारेबाजी करते हुए अपने घरों को चले गए।

- पुलिस ने झांकी को उजाड़ा, डीजे लदे वाहन को भेजा रठौंडा चौकी
- बिना अनुमति शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे लोगों को हिरासत में लिया

परेशानी गेहूं की फसल की चल रही है कटाई, बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ाई

बारिश से गेहूं की फसल भीगी, आंधी से आम कारोबारियों को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रविवार को तेज हवा के साथ बारिश हुई तो किसानों को गेहूं की फसल के नुकसान होने की आशंका लगी। इस समय गेहूं की कटाई का काम चल रहा है। कटी हुई फसल में पानी भरने से गेहूं का दाना काला पड़ जाएगा।

इससे मंडी में गेहूं का खरीदार नहीं मिलेगा। वहीं बारिश से गेहूं की कटाई का कार्य प्रभावित होएगा। जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार का कहना है कि इस समय गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है। बारिश से किसानों को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि मौसम सामान्य होने तक गेहूं की कटाई रोक दें। जिससे कि किसानों को गेहूं की फसल से नुकसान न उठाना पड़े।

वहीं अमरोहा में रविवार को हुई बारिश आम कारोबारियों के लिए आफत बनकर टूटी। सुबह से करीब दो घंटे की बारिश व तेज हवा ने आम के कारोबारियों का नुकसान कर दिया।

आम कारोबारी अंसार अली का कहना है कि अभी तक पहले नुकसान की भरपाई नहीं हो पाई है। अब फिर बारिश से काफी नुकसान हो गया है। इस बार उम्मीद है कि अच्छा रेट मिलेगा। लेकिन आशंका है कि बारिश और हवा से आम की फसल को नुकसान हो सकता है। कच्ची आमिया पेड़ों से टूट कर गिर गई हैं। जिसकी सही कीमत मिल पाना संभव नहीं है। अगर मौसम का यही सिलसिला चलता रहा तो आम की फसल इस बार भी बर्बाद हो जाएगी।

हसनपुर में सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

बारिश में भीगकर पशुओं के लिए चारा ले जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

लोगों को गर्मी से मिली राहत

हसनपुर, अमृत विचार : मौसम का मिजाज रविवार सुबह बदल गया। बाद में बादल कुछ देर के लिए बरसे, इससे तापमान भी कम हो गया। कुछ समय के लिए हवा में ठंडक से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। वहीं मौसम का बदलाव किसानों के लिए दुश्वारियों का कारण बन गया। किसान खेतों पर गेहूं को सुरक्षित करते दिखे। रविवार को सुबह से ही मौसम बदल गया और नौ बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई और 11 बजे तक चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक हो गई। वहीं बूंदाबांदी से किसानों के चेहरे पर परेशानी साफ दिखाई दे रही थी।

अचानक बारिश से किसानों की बढ़ी समस्या

बुरावली, अमृत विचार : रविवार सुबह करीब नौ बजे तेज हवाओं संग बारिश शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटा जमकर बारिश हुई। जिससे खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल भीग गई।

बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम की मार किसानों की मेहनत पर पानी फेर रही है। किसानों का कहना है कि इस मौसम में बारिश से गेहूं की फसल बच भी गई तो दाना काला पड़ सकता है। ज्यादा बारिश से गेहूं की चमक फीकी पड़ जाएगी। दाम और उत्पादन पर भी इसका असर पड़ेगा। किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश में महिलाएं व पुरुष भीगकर पशुओं के चारे लाते हुए दिखाई दिए। बारिश से किसानों और लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस समय खेतों में गेहूं की फसल तैयार है। जिसकी कटाई भी शुरू हो गई है, लेकिन सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया और किसान फसल को लेकर परेशान दिखाई दिए।

बंद मकान के टूटे मिले ताले

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : रविवार को डेढ़ माह से बंद मकान के ताले टूटे मिले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

स्टेशन रोड पर नहर के पास अनु बसेरा के नाम से डॉ. अशोक गुप्ता का आवास है। बताया जा रहा है कि मकान डेढ़ माह से बंद था। गृह स्वामी अशोक गुप्ता पुत्र के पास इन दिनों मेरठ में हैं। गृह स्वामी डॉ. अशोक गुप्ता के पुत्र अनुभव गुप्ता मकान में ताले टूटने की सूचना पर रविवार दोपहर नगीना पहुंचे थे। वहां ताले टूटे व सामान की हालत देख उसने पड़ोसियों व परिचितों को बुला लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और मकान का निरीक्षण किया। जिसमें कमरों के ताले टूटे मिले। मकान से सामान चोरी हुआ या नहीं इसका पता नहीं लग सका। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि नुकसान के बारे में गृह स्वामी का पुत्र अभी कुछ नहीं बता पाया है। मामले में तहरीर भी नहीं मिली है।

चौकीदार के घर बिक रही शराब

अमरोहा, अमृत विचार : गजरौला के गांव फाजलपुर में आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि फाजलपुर में थाने के चौकीदार के घर में शराब की सप्लाई की जा रही है। सूचना पर आबकारी टीम ने चौकीदार के घर से शराब का स्टॉक बरामद कर लिया। मामले में चौकीदार चरण सिंह की पत्नी उषा को गिरफ्तार कर लिया है।

सूचना

मैंने अपना नाम गरीबा पुत्र श्री जय सिंह निवासी बनी रामदास ने अपना नाम बदलकर गुड्डू सिंह पुत्र श्री जयसिंह रख लिया है। ग्राम बनी रामदास नगीना बिजनौर

मोबाइल : 9027246511

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्जों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर

अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर

व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

> आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

प्रसंगवश

जिंदगियां बदलता मोबाइल

संजय वर्मा
इंदौर

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए।

इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

बरी-बरी में नौन

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

सोशल फोरम

दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

सनातन परंपरा की झलकियां

डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।

मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

2009 में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

1991 में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते

सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

2004 में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण

40% मुस्लिम	13 % जाटव	08 % राजपूत
07 % जाट	05 % सैनी	05 % गुर्जर
22 % अन्य		

तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
बसपा	दानिश अली	6,01,082	51.41
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,37,834	46.01
कांग्रेस	सचिन अग्रवाल	12,150	1.75

2014 का परिणांम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,28,880	48.26
सपा	हुमेरा अख्तर	3,70, 066	33.82
बसपा	फरहत हसन	1,62,983	14.87
रालोद	राकेश टिकैत	9,540	0.87

हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

भोपाल- सिहोर संसदीय सीट

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

चंडीगढ़। चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम, महरौली, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

अपनी ढपली अपना राग

कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

योगी आदित्यनाथ

बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

आदित्य यादव

मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करुंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करुंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

एसटी हसन

लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

जयंत चौधरी

पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

अजय राय

कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट
- उप्र. में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा
- इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।

आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवत: इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

मंच से शुरु किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यत: कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

- भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा
- बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा

आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमर को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था। इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास

परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार: गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।

कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।

चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।

आईना : अमेठी लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
स्मृति ईरानी	468,514
राहुल गांधी	413,394



2014 में किसको कितने वोट



2019 नोटा	2014 नोटा
3,940	1,784

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	408,651
बीजेपी	स्मृति ईरानी	300,748
बसपा	धर्मेन्द्र प्रताप सिंह	57,716
आप	डॉ. कुमार विश्वास	25,527

पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

विस	विधायक	पार्टी
तिलोई	मयंकेश्वर शरण सिंह	भाजपा
जगदीशपुर	सुरेश कुमार	भाजपा
गौरीगंज	राकेश प्रताप सिंह	सपा
अमेठी	महाराज प्रजापति	सपा
सैलून (रायबरेली)	अशोक कुमार	भाजपा

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1967 व 71	विद्याधर बाजपेयी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रवीन्द्र प्रताप सिंह	जनता पार्टी
1980	संजय गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1981,84,89 व 91	राजीव गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	सतीश शर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	संजय सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1999	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004,09 व 14	राहुल गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2019	स्मृति ईरानी	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	464,195
बसपा	आशीष शुक्ला	93,997
बीजेपी	प्रदीप कुमार सिंह	37,570



2004 चुनाव के परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	390,179
बसपा	चंद्र प्रकाश मिश्रा	99,326
बी जे पी	राम विलास वेदांती	55,438

नरसिम्हाराव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव
- 1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।

1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम

दल	उम्मीदवार
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह
भाजपा	उदय राज मिश्र
जनता दल	भोला सिंह
बसपा	बशीर पहलवान



पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।

रत्ना सिंह।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।

11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967,1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह,1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह,1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो,अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।

चुनावी गतिविधियां

यह तो चुनाव का चक्कर है, क्या बोल गए लल्लू? :

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर :

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किंन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

सड़क पर कार लगाकर शराब से नहाते युवकों का नशा पुलिस ने उतारा

बीच सड़क कार के ऊपर शराब से नहाता एक युवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, प्रयागराज

● 24 हजार 500 का काटा चालान कर गाड़ी किया सीज़

अमृत विचार : शहर में लोगों को हैरान कर देने वाला ऐसा वीडियो सामने आया है जिसे आप देखकर दंग रह जाएगे। वीडियो में गाड़ी के सनरूफ पर बैठकर दो युवक एक-दूसरे को शराब से नहलाने का काम कर रहे हैं।

प्रयागराज रेलवे जंक्शन के गेट नंबर-2 के सामने एक कार के ऊपर सनरूफ खोलकर दो युवक बैठ गये। दोनों एक-दूसरे पर शराब उड़ेल रहे थे और शराब से दोनों एक-दूसरे को नहला रहे थे। खुलेआम सड़क पर इस तरह की हरकत करते हुए दोनों को न पुलिस का डर था और न ही कानून का खौफ। मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस ने दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच की है। वीडियो में दिख रही गाड़ी फतेहपुर की है। पुलिस ने गाड़ी की पहचान करते हुए 24 हजार 500 रुपये का चालान काटा है। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया है।

प्रेमी ने प्रेमिका को वीडियो कॉल कर लगाया फंदा

लखनऊ/बीकेटी, अमृत विचार : बीकेटी में छह माह से प्रेमिका के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे अंशु शुक्ला (23) फंदा लगाकर जान दे दी। आत्मघाती कदम के पहले उसने प्रेमिका को वीडियो कॉल किया था। जानकारी होने पर पुलिस प्रेमिका से पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, सीतापुर जनपद के महोली निवासी अंशु शुक्ला ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता था। बीकेटी में किराए के कमरे में रहता था। उसके साथ शाहजहांपुर की युवती भी रहती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों पति-पत्नी के रूप में रहते थे।

शनिवार रात को अंशु कमरे पर पहुंचा तो प्रेमिका नहीं थी। उसे कॉल किया तो पता चला कि मड़ियांव में बड़ी बहन के घर गई है। उसने कमरे पर आने को कहा, तो प्रेमिका ने मना कर दिया। नाराज अंशु ने वीडियो कॉल किया और धमकी देने लगा। रात करीब 12 बजे दोबारा वीडियो कॉल कर छत में लगे पंखे से फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया।

अतीक की बेनामी संपत्ति का हुआ बड़ा खुलासा: गुर्गों ने किया खेल

दो श्याम जी के नाम मिली रजिस्ट्री, पुलिस दोनों से कर रही पूछताछ

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : अतीक की बेनामी संपत्ति मामले में उसके गुर्गों का एक बड़े खेल का खुलासा हुआ है। इस खुलासे में श्याम जी नाम के दो व्यक्तियों का नाम सामने आया है। मजदूरी का काम करने वाले इन दोनों के नाम करोड़ों की संपत्ति मिली है। पुलिस अब दोनों श्याम जी से पूछताछ के साथ जांच कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक पुलिस की जांच में अतीक के संपत्ति को लेकर एक और चौंकाने वाला बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपियों ने बेनामी संपत्ति के इस खेल के लिए एक ही नाम के दो अलग-अलग व्यक्तियों को शामिल किया है। इनमें से एक सफाईकर्मी श्याम जी है तो दूसरा श्यामजीत पुत्र भोरीलाल दिहाड़ी मजदूरी करने वाला महेवा पश्चिमपट्टी नैनी रामनगर है। इसके नाम से भी जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। इसके नाम पर सरायइनायत में एक जमीन संबंधी दस्तावेज पुलिस को मिले हैं। अफसरों का कहना है कि इसकी भी जांच की जा रही है। वहीं श्यामजी का बयान भी दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वादी का आरोप है कि आरोपियों ने एक ही नाम के दो व्यक्तियों को खुद के बनाए प्लान से तलाश किया है। पहले उन्होंने अपने घर में सफाईकर्मी श्याम जी के नाम पर जमीनें खरीद लीं। बाद में उन्हें लगा कि यह बदल जाएगा तो उन्होंने इसी नाम के एक और जिवयकति श्याम जीत को तलाश करना शुरु कर दिया। वादी का कहना है कि ऐसा इसलिए किया कि कभी एक उनके खिलाफ हो जाए तो दूसरे के जरिये संपत्तियों को अपने नाम करा सके। फिलहाल, पुलिस अब दोनों श्याम जी से पूछताछ कर रही है। इस संबंध में दीपक भूखर, डीसीपी नगर ने बताया कि अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों के लिए आठ हजार महीने है पगार पाने वाले सफाईकर्मी श्यामजी सरोज के नाम से जमीनें होने के सबूत पुलिस को मिले है। फिलहाल नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में उसके नाम पांच जमीनें होने का पता चला है। दूसरे श्याम जीत के नाम के पर भी जमीनें रजिस्ट्री कराई है। उससे भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल उसके नाम पर एक जमीन की बात सामने आई है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

जावेद की पत्नी रेहाना ने पति-देवर को बताया बेगुनाह

जावेद की पत्नी रेहाना जावेद ने पति और देवर को बेगुनाह बताया है। उसने पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र दिया है कि श्याम जी व एक अन्य के साथ मिलकर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही हैं। 10 अप्रैल को श्यामजी की शिकायत पर उसके कर्मचारी अश्फाक व श्यामजीत को पुलिस पकड़कर अपने साथ ले गई थी।

सार-संक्षेप

कैलाश मठ के स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन

वाराणसी,अमृत विचार : कैलाश मठ (काशी) के श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रीय ब्रह्मनिष्ठ स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका इस लोक का त्याग करना समस्त संत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षों में बीता। उनका जन्म गुजरात के विलोदरा शहर मे हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान की। उन्होंने बुद्ध और श्री गुरु गोविंद सिंह की धरती मगध (बिहार) में गंगा के पवित्र तट पर दृढ़ विश्वास के प्रतीक वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की और फिरअपना जीवन भिक्षाटन करके जिया तथा लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके पश्चात स्वामी जी काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर निवर्तमान महामण्डलेश्वर ने यह आश्रम उनको सौप दिया था।उनके ब्रह्मलीन होने पर संत समाज के साथ ही सुनीत मूना ने भी शोक व्यक्त किया है।

दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई है। अब तक कुल 146 करोड़ 35 लाख रुपये की की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी, ड्रग आदि को जब्त किया जा रहा है। बीती एक मार्च से 13 अप्रैल तक कुल 24 करोड़ 65 लाख 52 हजार रुपये नकद धनराशि, 35 करोड़ 54 लाख रुपये कीमत की शराब, 54 करोड़ दो लाख 75 हजार रुपये कीमत की ड्रग, 20 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 11 करोड़ 48 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। उन्होंने बताया कि प्रमुख जब्ती में मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये, रामपुर की मिलक विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गई। इसके अतिरिक्त बाराबंकी की बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में 14.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 295 ग्राम ड्रग व सुलतानपुर की सदर विधानसभा क्षेत्र में 14.23 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 970 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का दस्तावेज : प्रमोद तिवारी



लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार : राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा के चुनावी घोषणा को लेकर कहा कि इसमें नीति व नियत को लेकर पुन: खोट उजागर हुआ है। वर्ष 2014 व 2019 का भाजपा का जो घोषणा पत्र था उसके 19 प्रतिशत वायदे भी पूरे नहीं हुए हैं। चुनाव के पूर्व भाजपा का जो संकल्प पत्र/घोषणा पत्र आया है उसमे पीएम मोदी की गारण्टी दी गयी है। जिनकी आज तक देश को दिए गए किसी वचन की गारण्टी पूरी नहीं हुई है। उदाहरण दिया कि विदेशों से कालाधन की वापसी, प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियां समेत मोदी की गारण्टी का कहीं पता नहीं है।किसानों की आय दो गुनी करने की जगह उनका कर्ज जरूर बढ़ गया है। यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पिछले दस सालों में बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गयी है। डालर के मुकाबले रूपये की साख व निर्यात सभी में गिरावट आयी है।

भाजपा नेता को फोन पर मिली धमकी

अयोध्या, अमृत विचार : रुदौली के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह के साथ रहने वाले एमएलसी प्रतिनिधि भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह अन्नू सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। कोतवाली रुदौली में सिंपल सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। एक दिन पहले रुदौली ब्लॉक प्रमुख के आवास पर फायरिंग में भी सिंपल सिंह को आरोपी बनाया गया था। अन्नू सिंह खण्डासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव के निवासी हैं। आरोपी सिंपल सिंह फायरिंग के मामले में जेल में है।

लोकसभा चुनाव: कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय समिति गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डा. सीपी राय व अन्य। ● अमृत विचार

● 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का गठन

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मोहम्मद शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ शरद शर्मा, डॉ रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

आरपीएफ दरोगा ने वृद्ध की बचाई जान

प्रयागराज, अमृत विचार: प्रयागराज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में पैर फिसल जाने से वृद्ध नीचे गिर गया। यह देख आरपीएफ दरोगा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उसे गाड़ी के नीचे से खींच लिया। प्रयागराज स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ी1.18 बजे पर आयी। गाड़ी के कोच संख्या बी-1 सीट नंबर 63 पर यात्रा कर रहे सज्जन सिंह शेखावत (63) निवासी रामनगर कॉलोनी, जिला जयपुर खाना लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतर गए। इसी दौरान गाड़ी रवाना हो गयी। चलती गाड़ी में चढ़ने के दौरान उक्त वृद्ध यात्री अनियन्त्रित होकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में लटक गया। सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार रावत की उस पर नजर पड़ी तो अपनी जान की परवाह किए बिना कूद पड़े।

चोर गैंग की 14 महिलाएं 9 लाख के जेवरात के साथ गिरफ्तार

एजेंसी

इटावा : जिले के बकेवर इलाके के ऐतिहासिक कालिका देवी लखना मंदिर में श्रद्धालुओं से चोरी के मामले में अंतर्जनपदीय चोर गैंग की 14 महिला सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब नौ लाख रुपए के जेवरात पुलिस ने बरामद किए हैं। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि थाना बकेवर क्षेत्र अन्तर्गत लखना में ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर मेला लगता है,जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश से दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन करने भारी संख्या में आते हैं।

इसी क्रम में आज भी भारी संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन के लिये आये थे। मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में भीड़ थी इसी दौरान कुछ महिलाओं ने लगभग 10 -11 महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र चोरी कर लिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की पार्टी में सक्रिय चोरों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय हुई और अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह की सदस्य 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना में शामिल प्रयागराज की 4, अलीगढ़ की 2 ,आगरा की 6 ओर उन्नाव की रहने वाली 2 महिलायें शामिल है।

वर्ग पहेली-40

बाएं से दाएं

1. बजता

4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।

5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।

6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।

8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

ऊपर से नीचे

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।

2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।

3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।

5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है

7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।

वर्ग पहेली -39 का हल

				1 दो	चं	2 द
3 ए	ल	ब	4 म			हा
			5 हा	ई	फा	ई
	6 दु		ब			
7 अ	ल	क	ली			8 ना
	दु					मि
9 का	ल	को	ठ	री		क

कोर्ट की अनुमति बिना याचिका के साथ निजी तस्वीरें स्वीकार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में निजी तस्वीरें को याचिका के साथ संलग्न करने पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि न्यायालय की स्पष्ट अनुमति के बिना निजी या अश्लील तस्वीरें स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस संबंध में रजिस्ट्री को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कई मामलों में यह दर्दनाक अनुभव भी साबित हो सकता है।

उक्त निर्देश न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने दुष्कर्म के एक मामले में शामिल पक्षकारों की निजी तस्वीरों को शामिल करने के जवाब में दिया। कोर्ट ने कासिमाबाद थाना, गाजीपुर में दर्ज मामले में राहत की मांग करने वाले प्रद्युम्न गोंड द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर विचार करते हुए पाया कि मौजूदा मामले के अलावा आवेदक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था और वह नवंबर 2023 से जेल में बंद था। आरोपी के भागने, सबूत के साथ छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना को ना देखते हुए कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली। आरोपी पर शादी का झूठा वादा कर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है जबकि आरोपी का तर्क है कि पीड़िता और उसके बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। उनके रिश्ते में आई गड़बड़ी के परिणामस्वरुप वर्तमान प्राथमिकी दर्ज हुई। आरोपी ने यह भी दावा किया कि उसने पीड़िता का कभी कोई अश्लील वीडियो या तस्वीर नहीं ली। अंत में कोर्ट ने रजिस्ट्री को कानूनी कार्यवाही में शामिल व्यक्तियों की गोपनीयता को प्राथमिकता देने का निर्देश देने के साथ ही आरोपी को सशर्त जमानत दे दी।

वंदे भारत पर पथराव करने वाले चारों नाबालिग गिरफ्तार

कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार : प्रयागराज से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन पर परियावां रेलवे स्टेशन के पास सात अप्रैल को कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था। जिससे ट्रेन का शीशा टूट गया था। मामले में ऊंचाहार आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पड़ताल के दौरान रेलवे स्टेशन के आस - पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरपीएफ ने पत्थर बाजी करने वाले चारों को पहचान लिया, सभी किशोर निकले। इसके बाद रविवार को इंस्पेक्टर आरपीएफ मनोज कुमार ने नवाबगंज के पाइकगंज बाजार पहुंचकर चारों नाबालिग किशोर को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी नाबालिग हैं। सभी से पूछताछ कर बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

25 न्यायिक अधिकारियों का हाईकोर्ट ने स्थानांतरण किया

विधि संवाददाता,प्रयागराज

● महानिबंधक राजीव भारती ने जारी किया आदेश

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शनिवार को 25 अधिकारियों का स्थानांतरण किया।

यह जानकारी महानिबंधक राजीव भारती ने दी है। ज्ञापन के अनुसार सत्य प्रकाश प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बदायूं को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल मिर्जापुर में, संजय कुमार (तृतीय) पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल सहारनपुर को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बहराइच में, संजय कुमार (द्वितीय) पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल देवरिया को इसी पद पर मुरादाबाद में, महेश नौटियाल प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ललितपुर को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल गाजीपुर में, महेंद्र नाथ पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल रायबरेली को इसी पद पर कानपुर नगर (दक्षिण) में, उदयभान सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूं को पीठासीन अधिकारी भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन प्राधिकरण गोरखपुर में, मीणा श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखनऊ को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल कौशांबी में, ललित नारायण झा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहारनपुर को पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय झांसी में, मुनव्वर जहां अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मैनपुरी को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर में स्थानांतरित करने की सूचना दी गई है।इनके अलावा अन्य तबादले हुए हैं।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

वृष — आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

मिथुन — आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

कर्क — आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

सिंह — आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

कन्या — आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

तुला — आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

धनु — आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मकर — आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

कुंभ — आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

मीन — आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2			4		
	7			1	6			5
			5					3
		5				9		
	3	7				2	4	
1		4				6		
7			3		5		9	
2			1	4			7	
		6			9		8	

सुडोकू -118 का हल

3	8	4	7	2	5	6	9	1
6	5	2	1	3	9	4	7	8
9	7	1	4	6	8	5	3	2
4	6	7	3	5	1	8	2	9
8	3	9	2	4	7	1	6	5
1	2	5	9	8	6	7	4	3
5	4	8	6	9	2	3	1	7
7	9	3	8	1	4	2	5	6
2	1	6	5	7	3	9	8	4

आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता — दोपहर : 12.00
एक और एक ग्यारह — रात : 07.01
रोबोट — सुबह : 10.56
रमन राघव 2.0 — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
2012 — सुबह : 11.23
टैक्सी ड्राइवर — रात : 07.55

ZEE CINEMA
दिल मांगे मोर — सुबह : 09.50
हैपी फिर भाग जाएगी — रात : 10.30

StarGold SELECT
हीरो — सुबह : 11.00
अय्यारी — शाम : 06.15

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

एक नजर

द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

बिलासपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत न हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।

विषाक्तता से एक की मौत, 75 से बीमार

चंद्रपुर। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में रविवार को विषाक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 75 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना चैत्र नवरात्रि महोत्सव से एक दिन पहले एक काली मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान शनिवार शाम को 400 से अधिक लोगों के प्रसाद खाने के बाद हुई। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोग अस्वस्थ महसूस करने लगे और 79 लोग आधी रात को वरोरा अस्पताल पहुंचे। छह लोगों की हालत गंभीर थी और उन्हें चंद्रपुर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें से गुरुफेम यादव की मौत हो गई। अन्य मरीजों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

हाथी के हमले में महिला की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर, एजेंसी

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

- एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुई प्रभावित

सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर व्रिकम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।

आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए के डीजी और एसपी को हटाने के बजाय निर्वाचन आयोग और भाजपा ने आज मेरे हेलीकॉप्टर और सुरक्षाकर्मियों की तलाशी के लिए आयकर विभाग के गुर्गों को तैनात करने का फैसला किया। कारण पूछने पर अधिकारी बहस करने लगे और हिरासत हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोक लेने की धमकी दी।

- तृणमूल का दावा अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोकने की दी धमकी

संविधान खत्म करने के लिए व्यवस्थित अभियान चला रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बाबासाहेब बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करने के लिए एक व्यवस्थित अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव आंबेडकर की इस शानदार उपलब्धि को संरक्षित करने से जुड़ा है। रविवार को अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हमारा देश बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. बी. आर आंबेडकर की जयंती वैसे वक्त में मना रहा है, जब संविधान को खत्म करने की आवाजें तेज होने लगी हैं। यह निस्संदेह उस व्यवस्थित अभियान का हिस्सा है जिसे कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चलाया है। रणनीति सरल है लेकिन पाखंड से भरी है, उस विरासत को कायम रखने का दिखावा करते रहना।

झुंझुनूं में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी

झुंझुनूं। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस बल के करीब 5200 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने रविवार को बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर विधानसभा में चार सुपरवाइजर अधिकारी जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तीन डीवाईएसपी, इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 1956 पुलिस कार्मिक, तीन कंपनी आरएससी, नौ कंपनी सीएपीएफ, 1015 होमगार्ड तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 क्यूआरटी होगी, प्रत्येक क्यूआरटी में सीएपीएफ का जत्ता होगा।

सेवा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।

- कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

परंपरा और आस्था का सैलाब



बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्तावलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

हिमाचल में बर्फवारी से गुलजार हुई पहाड़ियां, ऑरेंट अलर्ट जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में 'ऑरेंज अलर्ट' के बीच शनिवार को कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर हिमपात से माहौल गुलजार हो गया है। वहीं, राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने के साथ धूप खिलने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर बादल बरसने के आसार हैं। रविवार को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश के 12 क्षेत्रों में शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार रहा। शिमला में दोपहर के समय घने बादल छा जाने से बारिश के आसार बने, लेकिन हवाएं चलने से कुछ देर बाद मौसम सुहाना हो गया। वीकेंड पर बर्फ के दीदार को सैलानी गुलाबा और सिस्सू पहुंचे। शुक्रवार रात को नाहन में न्यूनतम तापमान 19.1, धर्मशाला में 18.1, ऊना में 14.2, हमीरपुर में 14.1, बिलासपुर में 13.9, चंबा में 12.9, शिमला में 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

भीलवाडा में नकली नोट बरामद, दो पकड़े

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाडा के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने जाली नोटों का असल में प्रयोग करने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार कर एक लाख 88 हजार 600 रुपये के जाली नोट भी जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार शनिवार को डीएसटी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति खुद को छिपाते हुये घूम रहे हैं, जिनके पास नकली नोट होने की पुख्ता सूचना है। ये लोग नकली नोटों को बाजार में असली के रूप में चलाने के लिए आये हुये हैं। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस कलेक्ट्री के पीछे पहुंची, जहां दो व्यक्ति आते दिखे। संदिग्ध होने से दोनों को पुलिस ने

कारोबार

भारत ने इस वर्ष 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

नई दिल्ली। भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है।

शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विशलेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की

निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

नई दिल्ली। रेस्तरां श्रृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

चेन्नई सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हराया

मुम्बई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना के 14 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया है।

रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी की चार गेंदों में 20 रनों की पारी पड़ी भारी। मुंबई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में ईशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया। ईशान किशन ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (23) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों में (31) रनों की पारी खेली। कप्तान हार्दिक पंड्या (2), मोहम्मद नबी (2) रन, टिम डेविड (13) रन, रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। रोहित ने 63 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4

रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी	05
रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल	21
ऋतुराज कैच नबी बोल्ड हार्दिक	69
शिवम दुबे नाबाद	66
मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक	17
एमएस धोनी नाबाद	20

अतिरिक्त : 8 रन कुल

गेंदबाजी : मोहम्मद नबी 3-0-19-0, कोएत्जी 4-0-35-1, बुमराह 4-0-27-0, आकाश 3-0-37-0, श्रेयस गोपाल 1-0-9-1, हार्दिक 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0

मुंबई इंडियन्स : 186/6

रोहित शर्मा नाबाद	105
ईशान का शारदुल बो पथिराना	23
सूर्यकुमार का मुस्तफिजुर बो पथिराना	00
तिलक का शारदुल बो पथिराना	31
हार्दिक का जडेजा बो देशपांडे	02
डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर	13
रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना	01
मोहम्मद नबी नाबाद	04

अतिरिक्त : 07, **गेंदबाजी** : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0

खेल डायरी

अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

सितसिपास ने तीसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता

मोनाको। स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैम्पियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, "मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।''

इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

कैंसास सिटी। करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

नयी दिल्ली। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्ग्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा-अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य

बिश्केक। भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमशः महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते। वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी। किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। सोमवार को ग्रीको-रोमन 55 किग्रा, 63 किग्रा, 77 किग्रा, 87 किग्रा, 130 किग्रा में पुरुष पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके

कोलकाता, एजेंसी

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 161/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव	10	08	2/0
केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल	39	27	3/2
दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क	08	10	1/0
आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन	29	27	2/1
स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती	10	05	2/1
निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क	45	32	2/4
क्रुणाल पंड्या नाबाद	07	08	0/0
अरशद खान बोल्ड स्टार्क	05	04	1/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

कोलकाता 162/2 — 15.4 ओवर, अतिरिक्त : 22

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट नाबाद	89	47	14/3
सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन	06	06	1/0
अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन	07	06	0/1
श्रेयस अय्यर नाबाद	38	38	6/0

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, क्रुणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0

आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

बेंगलुरु, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

मुल्लांपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये करेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।''

बॉलीवुड हलचल

शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

- पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में इस साल 40 फीसदी मांग बढ़ी, कम हो पा रही आपूर्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं।

रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। उन्होंने आगे कहा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 फीसदी अधिक है। बाली ने आगे कहा, आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।

आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3 .5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4 .5 लाख से 5 .25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

डीआरडीओ ने किया विकसित

अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

एक नजर

कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।

पेट्रोल पंप पर रोबोट भर रहे तेल

बीजिंग। चीन के जियांग्सू के पेट्रो चाइना हुआकियाओ शहर में पेट्रोल पंप पर अब रोबोट काम कर रहे हैं। ये रोबोट ना सिर्फ ईंधन भरते हैं, बल्कि पेमेंट भी लेते हैं। एआई से चलने वाले ये रोबोट गाड़ियों में आने वाली किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कतें भी दूर कर सकते हैं।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

तोराजा। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।

व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा,मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

ओटावा, एजेंसी

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

चेन्नई में प्रेमिका से नाराज सिरफिरे ने छात्र पर दागी गोली यूपी का आरोपी गिरफ्तार

चेन्नई, एजेंसी। चेन्नई में प्रेमिका से नाराज सिरफिरे ने एक मेडिकल छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया। इस हमले में छात्र बाल-बाल बच गया। एक अधिकारी ने कहा कि चलाई गई गोली लक्ष्य से चूक गई। घटनास्थल पर एकत्र लोगों ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मेडिकल छात्र रोहन मद्रास मेडिकल कॉलेज के पास एक चाय की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान उसका पीछा कर रहे दो सिरफिरों में से एक ने गोली चला दी।

एक को घटना स्थल से ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि, दूसरा व्यक्ति भागने में सफल हो रहा। गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी रितिक कुमार के रूप में हुई है। भागने वाले व्यक्ति की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि, फरार आरोपी अमित कुमार की प्रेमिका उससे बात नहीं कर रही थी, जो रोहन के कॉलेज की छात्रा है। अमित को संदेह हुआ कि रोहन के कारण प्रेमिका बात नहीं कर रही है। इससे नाराज अमित ने रोहन को जान से मारने की कोशिश की।

बांध खुद प्यासा...

कोटा : पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। हालात ये हैं, इसकी तलहटी बूंद-बूंद के लिए तरस रही है। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

रूपनगर। पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

पहल सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

भारत ने नेपाल को उपहार में दीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

काठमांडू। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं।

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

ब्रिटेन : 70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा

- कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड समेत प्रतिष्ठित विवि ने सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई, 20 हजार भारतीयों को मिलेगा प्रवेश

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा

हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।